नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 145 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 30 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -7 पर

भाजपा ने किया होली मिलन समारोह का योजन, पदाधिकारियों...



पेज -8 पर

बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ....




श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-


**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरुंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुड़ूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर कादरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

कांग्रेस में अंतर्कलह पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा का बड़ा बयान

### दीपक बैज को प्रताड़ित करने की हो रही कोशिश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बढ़ रही अंतर्कलह पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया है. इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के नारी न्याय का फार्म भरवाए जाने पर निशाना साधा है. विजय शर्मा ने कांग्रेस में बढ़ रही अंतर्कलह पर कहा कि कांग्रेस में पीसीसी चीफ दीपक बैज को प्रताड़ित करने की कोशिश हो रही है. एक वर्ग उन्हें लगातार टारगेट करने का प्रयास कर रहा है. चुनाव के समय भी लेनदेन का मामला सामने आया था. यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है पर ऐसा प्रतीत होता है कि जानबूझकर दीपक बैज को टारगेट किया जा रहा है. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के आज से नारी न्याय का फार्म भरवाए जाने पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पास इस समय विश्वसनीयता का संकट है।

### लोकसभा की टिकट मांग रहे कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक ने तोड़ा अनशन

**बिलासपुर।** बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से टिकट की मांग करते हुए दो दिनों से आमरण अनशन पर बैठे कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक ने शुक्रवार को अपना अनशन खत्म कर दिया. पार्टी प्रत्याशी देवेंद्र यादव के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय केसरवानी ने जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। बिलासपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाए जाने की मांग करते हुए कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक बीते दो दिनों से आमरण अनशन पर बैठे थे.

# केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन आज

## सभी जिले में विरोध करेंगे कार्यकर्त्ता, IT के नोटिस का विरोध

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी कल प्रदेश भर में बड़ा प्रदर्शन करने वाली है। कांग्रेस पार्टी के ऊपर इनकम टैक्स विभाग द्वारा 1823.08 करोड़ रू. जमा करने की नोटिस के विरोध में सभी जिलों में बड़ा प्रदर्शन करने वाली है। इसके लिए सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है।



कांग्रेस का कहना है कि आयकर विभाग ने कांग्रेस के खिलाफ अवैध आयकर लगाने के लिए कांग्रेस के आठ साल के आयकर रिटर्न को आधारहीन, निर्मित आधार पर फिर से खोल दिया गया है। यह लोकतंत्र के सिद्धांतों पर एक जबरदस्त हमला के अलावा और कुछ नहीं है।

### मशाल जुलूस निकाल कर करेंगे विरोध

पार्टी ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रूप से मशाल जुलूस के साथ विरोध-प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया है। साथ ही, अगले दिन, स्थानीय वरिष्ठ नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों को शामिल करते हुए, हमारी पार्टी के उम्मीदवारों के नेतृत्व में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाना है।

### केंद्र सरकार की तानाशाही

नोटिस को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा की केंद्र सरकार की तानाशाही बताया है। देश में लोकसभा चुनाव के समय प्रमुख विपक्षी दल को संसाधन विहीन करने की भाजपा की केंद्र सरकार की साजिश है। मोदी को यह पता चल चुका है कि उनके खिलाफ देश में माहौल है उनकी विदाई की बेला नजदीक आ गयी है तो विपक्ष को चुनाव लड़ने से रोकने के लिये इनकम टैक्स विभाग को आगे कर दिया गया।

### भाजपा चुनाव से पहले कर रही षड्यंत्र



बैज ने बीजेपी और केंद्र की मोदी सरकार पर लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अधिनायकवादी मोदी सरकार ने पहले कांग्रेस की चुनी हुई सरकारों को गिराया, डर और लालच से नेताओं की खरीद फरोख्त की और जो नेता नहीं झुके उनके ऊपर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे जांच एजेंसियों का अंकुश लगाया, उसके बाद अब जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, आचार संहिता लगने के बाद कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से चोट पहुंचाने के लिए आयकर विभाग का दुरुपयोग कर रही है।

# मोदी की गारंटी से महिलाओ के चेहरे पर आ रही मुस्कानः सरोज पाण्डेय

## कांग्रेस बन रही विकास मे बाधक

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डे का आगमन एमसीबी जिला मे हुआ। जहा मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के शक्ति केंद्र मे नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। स्थानीय विधायक व मंत्री श्याम बिहारी ने इस अवसर पर कहा की जिस प्रकार प्रदेश मे आप लोगो ने सरकार बनाने मे सहयोग किया है उसी तरह केंद्र मे भी आज डबल इंजन के सरकार की आवश्यक्ता है जिससे विकास मे गति आयेगी और क्षेत्र का भरपुर विकास होगा। वही कोरबा लोक सभा के प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय ने कही की छत्तीसगढ़ प्रदेश की सरकार द्वारा चुनाव से पूर्व किये वादे मे महतारी बंदन योजना को लेकर घोषणा की थी जो महिलाओ के खाते मे प्रत्येक माह 1000 हजार रुपए अंतरित किया जायेगा जो प्रदेश की 70





लाख महिलाओ के खाते मे अंतरित कर मोदी की गारंटी पुरी की गई जिससे आज महिलाओ के चेहरे पर मुस्कान दिख रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने ऐसे सांसद को देखा है जिसने चुनाव जीतने के बाद कभी क्षेत्र की ओर मुड़कर झांका तक नहीं । आज जब हम गांव-गांव पहुंच रहे हैं तो जनता स्वयं कांग्रेस सांसद को कार्यकाल के दौरान लापता होना बता रही है, साथ ही उन्होंने विकास कार्य करना तो दूर क्षेत्र की जनता का सुख दुख भी नहीं बांटा और हमेशा केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रहित में लिए गए फैसले का सदन में विरोध करती रहीं । केंद्र की मोदी जी के सरकार द्वारा धारा 370 एक ऐसा धारा है जिसे हटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं के द्वारा निरंतर आवाज उठाती रही । जिसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश के प्रधान मंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने धारा 370 पर बड़ा फैसला ले हटा दिया और देश को एक नया मुकाम हासिल हुई।

# जमकर छलकी जाम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी के राजीव स्मृति वन पार्क में आईएफएस एसोसिएशन ने होली मिलन का आयोजन किया, जहां बीयर और शराब की बोतलें मिली है. इसका वीडियो भी सोशल मिडिया में जमकर वायरल हो रहा. बता दें कि गांव-शहर, प्रदेश की आबोहवा को शुद्ध रखने, बाग बगीचे को साफ सुथरा रखने के लिए एक बड़ा अमला है, जिमसें सैकड़ों आईएफएस समेत हजारों की संख्या में राज्य कैडर के अधिकारी कर्मचारियों की टीम कार्यरत हैं, लेकिन जिम्मेदार लोग ही अपने कामों में लापरवाही बरत रहे हैं. सरकारी समृति वन, भवनों को किसी निजी कार्यक्रम के लिए नहीं दिया जाता है. इतना ही नहीं लाफ्टर क्लब, मॉर्निंग वॉकर, भजन मंडलियों तक के लिए दरवाजा नहीं खोला जाता है।

# महादेव सट्टा, कोल-शराब स्कैम आरोपियों से पूछताछ

ACB टीम सुबह से रायपुर सेंट्रल जेल पहुंची; 29 मार्च से 3 अप्रैल के बीच मिली है अनुमति

रायपुर। रायपुर सेंट्रल जेल में लंबे समय से बंद महादेव सट्टा, कोयला घोटाला और शराब घोटाले के आरोपियों से ACB की पूछताछ जारी है। इसके लिए रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने अनुमति दी है। टीम शुक्रवार सुबह से ही जेल में पूछताछ कर रही है। कोर्ट की ओर से 29 मार्च से 2 अप्रैल के बीच पूछताछ की अनुमति दी गई है।





ED की स्पेशल कोर्ट में ACB की ओर से तीन आवेदन पेश किए गए थे। आवेदन में कहा गया था कि स्कैम मामले में आगे की जांच के लिए जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करना जरूरी है। कोर्ट ने आवेदन को स्वीकार करते हुए जेल में ही पूछताछ की अनुमति प्रदान की है।

### ये आरोपी आए हैं पूछताछ के घेरे में

केंद्रीय जेल में बंद शराब घोटाले मामले में अरविंद सिंह, महादेव सट्टेबाजी में असीम दास, भीम यादव व सतीश चंद्राकर और कोयला घोटाला मामले में समीर बिश्नोई, सूर्यकांत तिवारी, शिवशंकर नाग और नायर से पूछताछ की जाएगी।

### अब कार्यवाही के आगे बढ़ने की उम्मीद

ACB ने कोयला शराब और महादेव सट्टा एप मामले में पिछले दिनों FIR दर्ज की है। इन सभी मामलों में ED की ओर से प्रतिवेदन दिया गया था। ED की ओर से ACB को भेजे प्रतिवेदन में ये कहा गया कि ईडी ने PMLA के तहत उपरोक्त मामलों में कार्यवाही की है।

ED की जांच में इन प्रकरणों में आईपीसी की विभिन्न धाराओं और लोकसेवकों की गड़बड़ी के मजबूत संकेत मिले हैं, अत: नियमों के अनुसार यह प्रतिवेदन ACB को प्रेषित कर रहे है, ताकि उपयुक्त धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ईवीएम हैक वाले बयान पर बृजमोहन अग्रवाल का तंज

# राजस्थान, मध्य प्रदेश, कर्नाटक में जब जीते तब नहीं हुआ था हैक

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ईवीएम हैक वाले बयान पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और साय सरकार में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने तंज कसा है.



उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल में जब जीते, तब ईवीएम हैक नहीं हुआ था. भूपेश बघेल का यह बचकाना बयान है

लोकसभा चुनाव को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि ये मेरे लिए जनता का प्यार सबसे बड़ा है. 40 सालों से मुझे इतना स्नेह मिला है. मैं भरोसा दिलाता हूँ कि पहले जैसे उनके लिए उपलब्ध था अब भी रहूँगा. रायपुर को अपना घर मानता हूं. छत्तीसगढ़ को अपना परिवार मानता हूं.

इसके साथ कहा कि विकास के लिए राज्य सरकार से राशि तो लेंगे, साथ ही केंद्र सरकार से भी राशि लाएंगे. कार्यकर्ता से लेकर जनता में अपार उत्साह है. इस बार जैसे अनुकूल माहौल कभी नहीं मिला है. हर वर्ग के लोग तैयार है कि तीसरी बार देश में मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है.

छत्तीसगढ़ में आचार संहिता के बीच इलेक्शन कमीशन का बड़ा एक्शन

# निगरानी दलों ने अब तक 25 करोड़ रुपये की नकदी और सामग्री की जब्त

**रायपुर।** राज्य में लोकसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से अब तक 25 करोड़ 8 लाख रुपए की अवैध धन राशि और वस्तुएं जब्त की गई हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान 28 मार्च तक 5 करोड़ 28 लाख रुपए की नगद धन राशि और 17311 लीटर अवैध शराब जब्त की है, जब्त शराब की कीमत 41 लाख रुपए है.



इसके अलावा सघन जांच अभियान के दौरान एक करोड़ 48 लाख रुपए कीमत के 784 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ और 94 लाख रुपए कीमत के 23 किलोग्राम कीमती आभूषण भी जब्त किए गए हैं. साथ ही 16 लाख 96 हजार रुपए कीमत की अन्य सामग्रियां भी जब्त की गई हैं.

बता दें की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं.

इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है. प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जांच की कार्यवाही लगातार जारी है.

# मंथनः क्या बच्चे चुनावी मुद्दा बनेंगे, जनसांख्यिकीय लाभांश के लिए युवा आबादी का कुशल होना जरूरी

भारत लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है और चुनाव की प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। राजनीतिक पंडित भी देश के मिजाज, सीटों के बंटवारे और उम्मीदवारों की संभावनाओं आदि के बारे में बताएंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हर हाल में सत्ता में वापसी करेगी। लेकिन इस बीच हमें खुद से भी कुछ सवाल पूछने होंगे। एक आम नागरिक के रूप में थोड़ा ठहरकर हमें एक मूलभूत सवाल पूछना चाहिए कि हम किस पर उम्मीद कर सकते हैं।

एक आम भारतीय नागरिक और अभिभावक होने के नाते मेरा जवाब होगा कि जो बच्चों का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करे। मैं बिल्कुल सामान्य बच्चों की बात कर रही हूं, जिनके माता-पिता के पास न तो ज्यादा पैसा है और न ही प्रभावशाली लोगों से संपर्क। यह क्यों प्रासंगिक है? इसका संक्षिप्त जवाब यह है कि बच्चों पर ध्यान दिए बिना भारत के सपनों और आकांक्षाओं को जल्द पूरा करना संभव नहीं है। अमीरों के बच्चे तो हमेशा अपना रास्ता ढूंढ लेते हैं और वे ऐसा ही करेंगे, चाहे सत्ता में कोई भी आए। उनके पास कई देशों में अनेक विकल्प मौजूद हैं। मेरी चिंता उन बाकी बच्चों के प्रति है, जिनके पास अपने सपने पूरे करने के लिए संसाधनों का अभाव है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन और पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्र के शिक्षक रोहित लांबा ने हाल ही में



युवा आबादी ही कथित जनसांख्यिकीय लाभांश ला सकती है। यह तभी साकार होगा, जब भारतीय बच्चे बड़े होकर शिक्षित, कुशल और स्वस्थ बनेंगे। इससे वे अनिश्चित और निर्मम प्रतिस्पर्धी दुनिया से निपटने के लिए अधिक सक्षम और तैयार होंगे। चुनाव से पहले आम नागरिकों को इन मुद्दों को उठाना चाहिए।

आई अपनी पुस्तक ब्रेकिंग द मोल्ड रीइमेजिनिंग इंडियाज इकनॉमिक फ्यूचर में लिखा है कि अपने प्रभावशाली आर्थिक विकास के बावजूद भारत को बचपन की चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है। हालांकि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इन लेखकों के बारे में क्या सोचते हैं। आप उनके वैश्विक दृष्टिकोण से भी असहमत हो सकते हैं, लेकिन भारत के भविष्य को लेकर उन्होंने जो प्रासंगिक बातें कही हैं, वे महत्वपूर्ण हैं। राजन और लांबा ने 'द चाइल्डहुड चैलेंज' शीर्षक वाले अध्याय में लिखा है कि भारत की चुनौतियां मां और शिशु के पोषण के साथ प्रारंभ में ही शुरू हो जाती हैं। हमारे देश में कई बच्चे कम वजन के पैदा होते हैं और अपने जीवन के शुरुआती वर्षों में कुपोषित बने रहते हैं।

प्राथमिक स्कूलों में बच्चों के नामांकन की समस्या काफी हद तक दूर हो चुकी है, लेकिन सीखने के मामले में उनकी स्थिति बेहद खराब है। खराब प्रारंभिक स्वास्थ्य और सीखने की स्थिति का संयोजन हमारे बच्चों के संज्ञानात्मक और शारीरिक विकास को बाधित करता है। यह सीमित करता है कि वे अपने बाद के जीवन में कितना हासिल कर पाते हैं। इन लेखकों का कहना है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानक से दो पायदान नीचे के बच्चे को बौना माना जाता है, जो अपनी उम्र की तुलना में छोटे कद के होते हैं। वर्ष 2020 में तीन दशकों के मजबूत आर्थिक विकास के बावजूद पांच साल से कम उम्र के हमारे 35 प्रतिशत बच्चे नाटे कद के थे। एक भारतीय होने के नाते जेहन में यह सवाल कौंधता है कि कुछ पड़ोसी और तंजानिया, लाइबेरिया व सेनेगल जैसे उप-सहारा क्षेत्र के गरीब अफ्रीकी देश कैसे हमसे बेहतर कर रहे हैं। लेखक बताते हैं कि भारत में कई प्रभावशाली नीति विशेषज्ञ तर्क देते हैं कि आनुवंशिकी भारतीय बच्चों को एक अलग वृद्धि देती है यानी उम्र के हिसाब से ऊंचाई का एक अलग पैटर्न है। लेकिन राजन और लांबा हैरान करने वाले तथ्य की ओर इशारा करते हैं। उनका कहना है कि श्रीलंका के लोगों के जीन तो संभवतः समान हैं, फिर भी उनके नाटेपन का स्तर भारतीयों की तुलना में कम है। वहीं, अध्ययनों में पाया गया है कि अमेरिका और ब्रिटेन में रहने वाले दक्षिण एशियाई बच्चे एक पीढ़ी के अंदर ही अपने साथियों की औसत ऊंचाई तक पहुंच जाते हैं। इसलिए लेखकों का मानना है कि आनुवंशिकी की बात पूरी तरह सही नहीं है। उनका कहना है कि हमें वास्तव में इस बात की समीक्षा करने की जरूरत है कि विभिन्न सामाजिक और आर्थिक समूहों में गर्भवती महिलाएं और बच्चे क्या खा रहे हैं? निर्विवाद तथ्य है कि बचपन में निरंतर कुपोषण के चलते वयस्क व्यक्ति की बौद्धिक और कार्यक्षमता का स्तर कम हो सकता है। साथ ही बीमारियों और हृदय रोग का खतरा रहता है। निश्चित रूप से भारत में अति निर्धनता घटी है। हाल के वर्षों में मोदी सरकार द्वारा 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने की योजना ने देश में भुखमरी को रोक दिया है। इसके बावजूद कुपोषित बच्चों की इतनी बड़ी संख्या का क्या कारण हो सकता है?

इसका कारण गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं और शिशुओं के खाने के पैटर्न और उनकी आदतों पर पर्याप्त ध्यान नहीं देना है। भारत में काफी संख्या में बच्चे और महिलाएं खून की कमी से ग्रस्त हैं। इसमें मध्यम वर्ग के लोग भी शामिल हैं। इसलिए हमें वोट मांगने आने वाले राजनीतिक दलों से इन मुद्दों पर बात करनी चाहिए। वर्ष 2023 में आई 'द एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (एएसईआर)' के आंकड़ों से शैक्षिक गुणवत्ता की वास्तविकता सामने आती है। यह रिपोर्ट ग्रामीण भारत पर केंद्रित है।

पत्रलेखा चटर्जी

## संपादकीय

### महिलाओं में जागरूकता

पिछले 30-35 वर्षों में जैसे-जैसे स्त्रियों में जागरूकता आई है, नये कानूनों के प्रति वैसे-वैसे उनके अंदर सदियों से दबे-कुचले होने, दोयम दर्जे की नागरिक होने का अहसास गहराया है। पहले वे इसे अपनी नियति मानती थीं, पर अब अधिकार। यह अधिकार खासकर शहरी, शिक्षित स्त्रियों ने समझा है। वे इस अधिकार को अब छीन कर, दूसरे पक्ष को कुचल कर, नेस्तनाबूद करना चाहती हैं। एक हिंसक प्रवृत्ति उनमें जाग गई है। यह घातक है समाज-देश के प्रति। वे जगें अच्छा है, अपना अधिकार भी पाएं पर दूसरे पक्ष को नष्ट करके यह अच्छा नहीं है। इसमें वे खुद भी कहीं की नहीं रहतीं। उनका भी परिवार नष्ट होता है। बच्चे तितर-बितर हो जाते हैं। एक और बात भी है। वे ऐसा इसलिए करती हैं कि अकेली भी रहें तो तगड़ी एलिमनी या मेंटेंनेंस लेकर, बिना काम किए अच्छा जीवन गुजार सकें। इस पूरे काम में उनके माता-पिता, भाई-बहन भी शामिल हो जाते हैं। वे उन्हें लड़ने-झगड़ने, अलग होने, बच्चा लेकर मायके बैठ जाने को प्रेरित करते हैं। ऐसे में उन्हें सास-ससुर, देवर-ननद के लिए कुछ भी करना शुरू से बोझ लगता है। ससुराल जाते ही उनकी रट लग जाती है अलग रहो, मां-बाप को छोड़ो, मेरे घर के पास रहो या वहीं रहो। मेरे मां-बाप की वैसी सेवा करो जैसे अपने मां-बाप की करते हो। वे भी तुम्हारे मां-बाप ही हैं आदि-आदि। आज असंतुष्ट जोड़े लाखों में हैं। शुरू-शुरू में लड़की ससुराल वालों पर दहेज का, भरण-पोषण के अधिकार का, घरेलू हिंसा का, तलाक का अलग-अलग मुकदमा, चार अलग-अलग राज्यों में करती तो विभिन्न तारीखों पर पति हमेशा इस राज्य से उस राज्य, नौकरी छोड़ भागते रहने को मजबूर हो जाता।

# चुनाव में भाषा का संयम एवं वचनों की मर्यादा जरूरी

लोकसभा चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी जिंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं



मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है।

चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है। नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी 'लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे' से की गई हैं। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने लगी। हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल-बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। आजादी के बाद देश में जिस प्रकार राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने विपक्षी राजनेता को 'पप्पू' जैसे शब्दों से ताना मारते हैं, तो कोई विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये चौकीदार चोर है या चायवाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्या हमारे देश की राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है।

ललित गर्ग

## मिला जुला

### एक नजर

#### बिहार महागठबंधन में सीट बंटवारे का ऐलान, आरजेडी-26, कांग्रेस-9, वाम दल-5



पटना। बिहार में महागठबंधन के बीच सीट का बंटवारा हो गया है। जिसमें आरजेडी 26, कांग्रेस 9 और वाम दल 5 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी समेत कांग्रेस और वाम दलों के नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि सीटों पर सहमति बन गई है। वामदलों में भाकपा को एक सीट बेगूसराय और माकपा को एक सीट खगड़िया दिए जाने पर सहमति बनी है। जबकि, भाकपा माले को तीन सीट नालंदा, आरा और काराकाट दी गई है। आपको बता दें बीते कई दिनों से महागठबंधन में सीट बंटवारों को लेकर दिल्ली में मंथन चल रहा था। जो आखिरकार सीट बंटवारे की सहमति पर खत्म हो गया है। सबसे ज्यादा माथापच्ची गोपालगंज, वाल्मीकिनगर और शिवहर सीट को लेकर हुई थी। दो दौर की बैठकों में कांग्रेस व राजद नेताओं के बीच चर्चा हुई। यह बैठक नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर गुरुवार को हुई थी। इससे पहले आरजेडी करीब दर्जनभर सीटों पर अपने प्रत्याशियों को पार्टी सिंबल दे चुकी है। जिसको लेकर कांग्रेस के कई नेताओं ने विरोध भी दर्ज कराया था। हालांकि अब हालात कंट्रोल में हैं। पहले चरण में जिन सीटों पर वोटिंग हैं। उनमें जमुई, नवादा, गया और औरंगाबाद शामिल हैं। जिन पर राजद ने प्रत्याशियों को पार्टी सिंबल दे दिया है। इसके अलावा बांका और मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से भी प्रत्याशी उतार दिए हैं।

## कांग्रेस को फिर इनकम टैक्स का नोटिस

# 1700 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया, जानें पूरा मामला



**आयकर** विभाग ने एक बार फिर कांग्रेस पार्टी को नोटिस भेजा है. इस नोटिस में पार्टी से 1700 करोड़ रुपए मांगे गए हैं. सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग का डिमांड नोटिस वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए है. 1700 करोड़ की राशि में जुर्माना और ब्याज शामिल है. आयकर विभाग के नोटिस ने लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कांग्रेस की परेशानी और बढ़ा दी है. कांग्रेस ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर 2017-2021 के लिए आयकर विभाग के जुर्माने की दोबारा जांच की मांग की थी, लेकिन अदालत ने कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी. इसके बाद पार्टी को नोटिस भेजा गया है. अब कांग्रेस पार्टी 3 अन्य वर्षों की आय की जांच पूरी होने का इंतजार कर रही है. यह जांच रविवार तक पूरी होगी. कांग्रेस के वकील और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आयकर विभाग की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की. उन्होंने कहा कि आयकर विभाग की कार्रवाई गैर जरूरी और लोकतंत्र के खिलाफ है. कांग्रेस का आरोप है कि लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्य विपक्षी दल को जान-बूझकर निशाना बनाया जा रहा है.

### 135 करोड़ वसूल चुका है आयकर विभाग

आयकर विभाग पहले ही कांग्रेस पार्टी के दिल्ली में स्थित बैंक खातों से 135 करोड़ रुपए वसूल चुका है. 2018-19 के लिए कांग्रेस जरूर शर्त नहीं पूरी कर पाई थी. कोर्ट में आयकर विभाग ने कहा था कि 520 करोड़ रुपए असेसमेंट में शामिल नहीं थे. अलग-अलग ठिकानों में छापेमारी से आयकर विभाग को कई ऐसे सबूत मिले हैं, जिनसे साफ होता है कि कैश के जरिए पैसे का लेन-देन हुआ था. मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी भी इसमें शामिल थे. आयकर विभाग का कहना है कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और एक कंपनी के साथ कांग्रेस पार्टी के लेन-देन की बात सामने आई है, जो कि नियमों का उल्लंघन है. नियमों का उल्लंघन होने पर एक राजनीतिक दल को लोगों का समूह माना जाता है और इस समूह को आयकर देना होता है. कैश में हुए लेन-देन को भी आय का हिस्सा माना जाता है.

### रक्षामंत्री बोले- सरकार अग्निवीर योजना में बदलाव को तैयार, सेना को युवाओं की जरूरत



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है। न्यूज चैनल टाइम्स नाउ के समिट में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा- सेना को युवाओं की जरूरत है। मुझे लगता है कि युवा उत्साह से भरा होता है। वे टेक-लवर होते हैं। हमने इस बात का उचित ध्यान रखा है कि उनका भविष्य भी सुरक्षित रहे। जरूरत पड़ी तो हम बदलाव भी करेंगे। अग्निवीर स्कीम लागू होते ही विवादों में आ गई थी। इस स्कीम में सिर्फ 4 साल की सर्विस को विपक्ष ने युवाओं के साथ धोखा बताया था। कांग्रेस ने अपने चुनावी कैंपेन में अग्निवीर स्कीम को मुख्य मुद्दा बनाया है। केंद्र सरकार ने 14 जून 2022 को सेना की तीनों शाखाओं- थलसेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं की बड़ी संख्या में भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की थी।

## बिल गेट्स ने दीं पोषण से जुड़ी किताबें, तो पीएम ने दिए 'वोकल फॉर लोकल' गिफ्ट्स



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स से अपने आवास पर मुलाकात की। दोनों के बीच इस बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर डिजिटल पेमेंट्स तक के मुद्दे पर बात की। बातचीत के बाद गेट्स ने पीएम मोदी को कुछ पोषण से जुड़ी किताबें उपहार में दीं। वहीं, प्रधानमंत्री ने उन्हें 'वोकल फॉर लोकल' गिफ्ट हैम्पर दिया।

### हम पोषण पर प्रगति कर रहे- गेट्स

बिल गेट्स ने पीएम मोदी को उपहार में किताबें देते हुए कहा, 'ये कुछ पोषण से जुड़ी की किताबें हैं। अंततः हम पोषण पर प्रगति कर रहे हैं।' इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने उनका आभार जताया।

### तमिलनाडु के खास मोती दिए

वहीं, नरेंद्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' गिफ्ट हैम्पर दिया। इसमें एक मोती का बॉक्स था, जिसपर मोदी ने कहा कि यह तमिलनाडु के थूथुकुडी में बनाए गए मोती हैं। उन्होंने कहा कि तूतीकोरिन या थूथुकुडी को तमिलनाडु के पर्ल सिटी के रूप में जाना जाता है। वहां के मछुआरे इस क्षेत्र में बहुत बड़ा काम करते हैं। मोदी ने कहा, 'मैं एक बार तूतीकोरिन गया था, तभी वहां से यह लाया था। मैंने उसी वक्त सोचा था कि आपको यह दिखाऊंगा और आपके लिए लेकर भी आऊंगा।' इस पर गेट्स ने पीएम धन्यवाद किया।

### टेराकोटा की मूर्ती

पीएम ने टेराकोटा की मूर्ती देते हुए कहा कि यह भारत की बहुत पुरानी परंपरा है, लेकिन यह तमिलनाडु की कला है। इन्हें वहां के मंदिरों, घरों में रखा देख सकते हैं। वो लोग पूजा के लिए भी इसी तरह की खास चीजें बनाते हैं।

## सुनीता केजरीवाल ने लॉन्च किया 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान, वॉट्सऐप नंबर किया जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल आज प्रेस को संबोधित किया। इससे पहले वह दो बार प्रेस में अपने बयान जारी कर चुकी हैं। इसमें वह सीएम केजरीवाल का संदेश पढ़ा था। आज उन्होंने सीएम केजरीवाल को अपना आशीर्वाद देने को कहा है। सुनीता केजरीवाल ने कहा, 'उन्होंने (अरविंद केजरीवाल) जो कुछ कोर्ट के सामने बोला उसके



लिए बहुत हिम्मत चाहिए। पिछले 30 साल से मैं उनके साथ हूं। देशभक्ति उनके रोम-रोम में बसी है। आपने अरविंद केजरीवाल को अपना भाई, अपना बेटा कहा है। क्या इस लड़ाई में आप अपने भाई, अपने बेटे का साथ नहीं देंगे? उन्होंने कहा कि मैं आपको एक व्हाट्सएप नंबर(8297324624) दे रही हूं। आप उनका साथ दीजिए। वॉट्सऐप नंबर 8297324624 पर अपना संदेश भेजिए। आज से हम 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान शुरू कर रहे हैं। इस नंबर पर आप उन्हें आशीर्वाद दे सकते हैं। उन्हें दुआएं दे सकते हैं। कई लोगों ने अरविंद जी के लिए व्रत रख रहे हैं।

## ये भगवान का न्याय है, मुख्तार की मौत के बाद काशी विश्वनाथ पहुंचीं अलका

**वाराणसी।** पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय शुक्रवार की सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने पहुंची थीं। मुख्तार अंसारी की मौत पर उन्होंने कहा कि 'ये भगवान का न्याय है।

कई अनाथ परिवारों को सुकून मिला होगा।' वर्ष 2005 में पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की हत्या में मुख्तार अंसारी मुख्य आरोपी रहा था। हालांकि बाद में सीबीआई कोर्ट से बरी हो गया था। अलका राय ने आगे कहा कि 'हम बहुत खुश हैं। बाबा



की कृपा है।

मुख्यमंत्री योगीजी का आशीर्वाद मिला है। ये भगवान का न्याय है। विपक्ष कुछ भी कह सकती है, कोई फर्क नहीं पड़ता। पंजाब की जेल में रहकर वह अपराध करता था। लेकिन यूपी आकर न्याय मिला है। वह अत्याचारी था, अंत हो गया।' मां के साथ मंदिर पहुंचे पीयूष राय ने कहा कि 'मुझे पता चला है कि बांदा जेल में उनकी मृत्यु हो चुकी है। बस इस समय मैं गोरखनाथ भगवान का बहुत शुक्रिया कहूंगा, उनका बहुत आशीर्वाद है हम लोगों पर। मैं बस इतनी सी बात कहूंगा, 'कर्म के दायरे से उतरोगे, तो उसकी सजा तुम्हें तड़पने तक नहीं छोड़ेगी।' हमें ये आज देखने को मिला है। इसका फैसला भगवान ने किया है। जो जैसा करता है, उसका फल उसे मिलता है। 'आज का दिन उनके लिए खुशी का है और दिवाली से कम नहीं है।'

# लोकतंत्र के पर्व में अपने मताधिकार का करें उपयोग - जिला निर्वाचन अधिकारी

## सभी मतदाता शत प्रतिशत वोट देकर बनाएं आदर्श गांव- पुलिस अधीक्षक

**जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को बास्तानार विकासखंड के ग्राम बड़े काकलूर में स्वीप कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों और मतदाताओं को जागरूक करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि बिना डर भय, लोक लुभावन के प्रभाव से मुक्त होकर लोकतंत्र के पर्व में अपने मताधिकार का उपयोग करें, लोकसभा चुनाव के तहत 19 अप्रैल को मतदान दिवस में निर्भीक होकर क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर प्रत्याशी को चुने।







बड़े काकलूर में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने मतदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि चारों ओर प्राकृतिक सुन्दरता से पूर्ण बड़ेकाकलूर के सभी मतदाता शत प्रतिशत वोट देकर गांव को एक आदर्श गांव बनाएं। बिना लोभ व भय के अपने मन चाहा प्रत्याशी को मतदान करें। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे, एसडीएम तोकापाल श्री सुब्रत प्रधान, जनपद सीईओ बास्तानार श्री राजीव नाग, सहायक नोडल स्वीप शरदचंद गौर,एपीओ नरेगा पवन सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

लोकसभा निर्वाचन 2024

### मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान संबंधी मिला प्रशिक्षण

अपर कलेक्टर पात्रे ने लिया प्रशिक्षण का जायजा



**दंतेवाड़ा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दलों को मतदान संबंधी प्रक्रिया संपादन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा में मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा ईवीएम मशीन के उपयोग तथा सीलिंग प्रक्रिया सहित विभिन्न प्रपत्रों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। वहीं ईवीएम से माकपोल एवं मतदान समाप्ति के पश्चात सीलिंग इत्यदि कार्यों के बारे में मास्टर्स ट्रेनर्स के द्वारा पॉवर पॉइन्ट प्रस्तुति के जरिये जानकारी दी गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे ने अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण कर मतदान संबंधी सभी प्रक्रियाओं के बारे में बारीकी से प्रशिक्षण लेने की समझाईश दी। इसके साथ ही अपनी समस्याओं का समाधान करने कहा। इस दिशा में उन्होंने मास्टर्स ट्रेनर्स को हरेक प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री कमल किशोर,डीईओ श्री एस.के. अम्बस्ट सहित निर्वाचन दायित्वों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण



**मोहला ।** लोकसभा निर्वाचन को सुचारु रुप से सम्पन्न कराने के लिए माइक्रो आब्जर्वर को आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने सभी माइक्रो आब्जर्वर को पूर्ण दायित्व के साथ निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान आपकी महती जिम्मेदारी है कि भलीभांति दायित्व निर्वहन करते हुए निर्वाचन कार्य को संपन्न कराये। मास्टर ट्रेनर श्री धर्मेंद्र सारस्वत एवं श्री अजय तिवारी ने माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बताया गया कि जिन मतदान केंद्रों के लिए वेब कास्टिंग की व्यवस्था नहीं किया जा सका है, उन मतदान केंद्रों में निगरानी के लिए माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। बताया गया कि आपकी संपूर्ण निगरानी और देखरेख में मतदान दिवस को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाना है। आपकी जिम्मेदारी है कि निष्पक्षता पूर्वक, बिना किसी भेदभाव के सफलतापूर्वक निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। आपसे अपेक्षा किया जाता है, कि मतदान केंद्र में पहुंचकर संपूर्ण गतिविधियों पर नजर रखें। किसी प्रकार की कोई भी विसंगति होने पर जनरल ऑब्जर्वर को इसकी सूचना दें। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन के दौरान भरे जाने वाले सभी प्रकार के प्रपत्रों, ईव्हीएम मशीन के संचालन, समस्त पर्ची की सीलिंग, राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर, महत्वपूर्ण गतिविधियों पर नजर रखते हुए भलीभांति निर्वाचन कार्य को संपन्न कराये। माइक्रो आब्जर्वर का दायित्व है कि वह निर्वाचन के दिन यह सुनिश्चित करें, कि मतदान प्रक्रिया समय पर प्रारंभ हो और समय पर समाप्त हो। माइक्रो आब्जर्वर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें कि मतदान केंद्र में सभी अनिवार्य मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित रहे। मतदाताओं के मतदान केंद्र में आने जाने की व्यवस्था हो। मतदाता रजिस्टर की सभी प्रविष्टियां भरी जाये। यह भी सुनिश्चित करें कि मतदाताओं के पहचान की व्यवस्था, मतदाताओं के द्वारा गोपनीयता का अनुपालन किया जाये। अभिकर्ता की गतिविधियां पर नजर रखें। सभी प्रविष्टियों को भरे जाने की प्रक्रिया पर अनिवार्य रूप से नजर रखते हुए मतदान प्रक्रिया को सुचारू और सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें।

### गेवरा बस्ती क्षेत्र में पेयजल संकट दूर करने का प्रयास

**कोरबा ।** गेवरा बस्ती क्षेत्र में गर्मी का मौसम आते ही पेयजल संकट गहरा जाता है। एसईसीएल प्रबंधन से मुलाकात कर टैंकर से जलापूर्ति की मांग की है। इस मांग को प्रबंधन ने काफी गंभीरता से लिया है। और कहा है कि आने वाले दिनों में टैंकर से जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। एसईसीएल कालोनी में भी पेयजल की समस्या को लेकर एसईकेएमसी के कार्यकर्ता गंभीर है।

कुसमुंडा में रमेश मिश्रा, ए.के. अंसारी, उपेन्द्र सिंह, सोनू पटले, बीडी महंत के द्वारा आईआर बैठक में मामले को रखा गया था। इसके अलावा वेल्यफेयर कमेटी के सदस्यों के द्वारा समय-समय पर कालोनी का निरिक्षण भी किया गया है। जिन अवासों में पेयजल की आपूत्रि नही हो पा रही है।

## 3 अप्रैल को सुकमा-बीजापुर बंद का नक्सलियों ने किया आह्वान

**सुकमा ।** बीते दिनों बीजापुर के चिपुरभट्टी में हुई मुठभेड़ को नक्सलियों ने फर्जी बताया है। मुठभेड़ के विरोध में 3 अप्रैल को सुकमा-बीजापुर जिले में बंद बुलाया है। जिसमें उन्होंने दो पार्टी कार्यकर्ता समेत 6 निहत्थे लोगों को गोली मारने का आरोप लगाया है। बता दें कि जगरगुंडा एरिया कमेटी की सीएमएम अध्यक्ष गंगी और पीएल 9 पार्टी सदस्य नागेश चिपुरभट्टी में ग्रामीणों की बैठक लेने गए थे। जहां सुबह 4 बजे सोए हुए कार्यकर्ताओं को निहत्थे पकड़कर गोली मारने का आरोप लगाया।

बता दें कि बीते दिनों बीजापुर के चिपुरभट्टी में नक्सलियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। नक्सलियों ने दो पार्टी कार्यकर्ताओं समेत 6 निहत्थे को गोली मारने का आरोप लगाया। दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी के सचिव गंगा ने बयान जारी किया है। गरगुंडा एरिया कमेटी की सीएमएम अध्यक्ष गंगी और पीएल 9 पार्टी सदस्य नागेश चिपुरभट्टी में ग्रामीणों की बैठक लेने गए थे। जहां सुबह 4 बजे सोए हुए कार्यकर्ताओं को निहत्थे पकड़कर गोली मारने का आरोप लगाया है। जिनमें 4 ग्रामीण और 9 निर्दोष ग्रामीणों को गिरफ्तार करने का भी आरोप लगाया गया है। वहीं इस मुठभेड़ के विरोध में नक्सलियों ने 3 अप्रैल को सुकमा-बीजापुर जिले में बंद बुलाया है।

सीईओ ज़िला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगाँव के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं पंचायत सचिवों की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली

## बगैर सूचना के अनुपस्थित कर्मचारियों व सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

**राजनांदगाँव।** सुश्री सुरुचि सिंह (IAS) मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत राजनांदगाँव के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं पंचायत सचिवों की गहन समीक्षा बैठक का आयोजन ज़िला पंचायत में लिए विभागीय कार्यवार समीक्षा में जो कार्य चल रहे हैं तथा एक वर्ष से कंप्लीट नहीं हुआ है, उसे कम्प्लीट करने का लक्ष्य दिया गया तथा संबंधितों को निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, सचिवों को कार्यानुसार समीक्षा किया गया एवं सचिवों द्वारा कार्य के सबंध में कार्यवार सचिवों को कारण पूछा गया, जिन पंचायत सचिवों व कर्मचारियों द्वारा कार्य के संबंध में गंभीरता नही दिखाया जा रहा है उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए । साथ ही सचिवों को किसी भी प्रकार से शासकीय कार्य के दिक्कत होने पर समन्वय करने हेतु बोला गया है ।



बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत द्वारा लोक सभा निर्वाचन 2024 के कार्यो को गंभीरता से किये जाने हेतु व जिन पंचायतो में मतदान का प्रतिशत पूर्व में कम था उन पंचायतो में विशेष रूप से ध्यान दिया जावे व प्रत्येक पंचायतो में मतदाता जागरूकता किये जाने के निर्देश दिए गए ।

उपस्थित समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं पंचायत सचिवों को सुश्री सुरुचि सिंह सीईओ ज़िला पंचायत ने शतप्रतिशत मतदान का शपथ दिलाई एवं लोकतंत्र में संसद की भूमिका से अवगत कराया गया।

बैठक में सुश्री तनुजा मांझी सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव, जनपद पंचायत के समस्त योजनाओं के प्रभारी, समस्त पंचायत सचिव एवं जिला पंचायत के समस्त योजनाओं के प्रभारी उपस्थित रहे ।

## लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 01 ईनामी सहित 03 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**दन्तेवाड़ा।** जिला दन्तेवाड़ा में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी0 (भा.पु.से.), पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप (भा.पु.से.), पुलिस उप महानिरीक्षक (परि?) सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज श्री विकास कठेरिया (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री गौरव राय (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री स्मृतिक राजनाला (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री रामकुमार बर्मन (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छ0ग0 शासन की ''पुनर्वास नीति'' के प्रचार-प्रसार एवं दन्तेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''लोन वर्राटू'' (घर वापस आईये अभियान) से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर माओवादियों के प्रतिबंधित संगठन सीपीआईएम के भैरमगढ़ एरिया कमेटी में क्रमशः पिट्टेपाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष मुन्ना भोगाम उर्फ बुंजवा पिता लक्खू भोगाम उम्र लगभग 37 वर्ष जाति मुरिया निवासी दोर्रागुडा आकेमपारा थाना मिरतुर,(01 लाख ईनामी) फुलगट्टा पंचायत सीएनएम सदस्य रमेश भोगाम पिता स्व0 गुट्टा भोगाम उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेद्दापाल कलमूपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर एवं मलांगेर एरिया कमेटी अन्तर्गत रेवाली पंचायत जनताना सरकार सदस्य भीमा कुहड़ाम उर्फ अविनाश कोर्राम पिता देवा कुहड़ाम उर्फ देवा राम कोर्राम उम्र 26 वर्ष जाति माड़िया निवासी रेवाली पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा ने आज दिनांक 29.03.2024 को पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप (भा.पु.से.), पुलिस उप महानिरीक्षक (परि?) सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज श्री विकास कठेरिया (भा.पु.से.) के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया।




## अंधियारी पाट पहाड़ी कोहका के जंगल में हुये अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझायी

**राजनांदगांव।** विवरण- दिनांक 26.03.2024 को ग्राम कोहका अंधियारी पाट पहाड़ी के नीचे जंगल में गढ़ढा खोदकर मिट्टी दबाकर दफनाये गये शव मिलने की सूचना पर तस्दीक कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। तथा विवेचना दौरान वरिष्ठ अधिकारीयो तथा एफएसएल टीम की उपस्थिति में कार्यपालिक दण्डाधिकारी द्वारा शव उत्खन्न की कार्यवाही कर मृतक की शिनाख्ती कार्यवाही की गई प्रकरण में मृतक डोमेश्वर साहू पिता स्व0 रामखिलावन साहू उम्र 35 वर्ष निवासी ढाबा की शिनाख्त होने पर परिजनों एवं गवाहों के कथन तथा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर मृतक के मोबाईल को उपयोग करने वाले आरोपी समीर ठाकुर निवासी बानी नवागांव धमधा जिला दुर्ग को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर हत्या की पर्त धीरे धीरे खुलती गई और समीर के निशानदेही पर धनजंय कुमार साहू ग्राम ढाबा निवासी को संदेह के आधार पर अभिरक्षा में लेकर बारीकी से पूछताछ करने पर धरमू ठाकुर, रितेश श्रीवास एवं युगल कुमार ठाकुर द्वारा मृतक डोमेश्वर साहू की हत्या करना बताने पर तीनों आरोपीयो को अभिरक्षा में लेकर हत्या के संबंध में बारीकी से पूछताछ किया गया जिस पर तीनों आरोपीयो ने पृथक पृथक अपने कथनों में बताये कि घटना दिनांक 31.01.24 को ग्राम ढाबा निवासी आरोपी युगल कुमार ठाकुर के घर में सगाई का कार्यक्रम था सगाई कार्यक्रम के बाद रात्री 08 00 बजे करीब गुटखा खाने शुभम किराना स्टोर्स गये थे जहा मृतक डोमेश्वर साहू के साथ तीनो आरोपीयो का विवाद हुआ जिस पर तीनो आरोपी मृतक को जान से मारने की योजना बनाकर मृतक को पंचायत भवन के पास से खीचते हुऐ गांव के भाठा परिया मुरूम गड्ढा में ले जाकर तीनो हाथ मुक्का लात से मृतक को सीना, सिर को पत्थर से मारकर चोट पहुंचा कर हत्या कर दिये मृतक के शव को तीनों आरोपी पास के नहर नाली में छुपाकर रखे थे।



## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया दरभा और बास्तानार जनपद क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

### मतदान केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने शुक्रवार को दरभा और बास्तानार जनपद के बीसपुर, कापानार और बड़े काकलूर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उक्त मतदान केंद्रों में दो या चार जगहों के मतदान केंद्र बनाए गए है। मतदान केंद्र में सभी मतदाताओं की सुविधाओं के तहत परिसर में अलग-अलग केंद्र कक्ष, मतदाताओं के प्रवेश व निकासी की सुविधा, गर्मी के दिन को ध्यान रखने हेतु छाया, पेयजल व्यवस्था करने कहा गया।



संवेदनशील क्षेत्र में उक्त मतदान केंद्र होने की स्थिति में सुरक्षा, मतदान दलों की रुकने की व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही आवश्यकता के आधार पर अस्थाई स्ट्रांग रूम की व्यवस्था के लिए भी जगह चिन्हांकित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, एसडीएम तोकापाल श्री सुब्रत प्रधान, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कोड़ेनार सीमा जांच नाका का भी किया निरीक्षण

निरीक्षण दौरे में निकले कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कोड़ेनार सीमा जांच नाका का आकस्मिक निरीक्षण कर चेक पोस्ट में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और स्थैतिक दलों को सभी वाहनों का सघन जांच किये जाने कहा। स्थैतिक निगरानी दलों को नकदी, आभूषण एवं शराब के अवैध परिवहन पर कड़ाई से जांच करने निर्देश दिए। साथ ही जांच की गई वाहनों की जानकारी, पंजियों के संधारण इत्यादि का अवलोकन भी किया और सतर्कता के साथ कड़ी निगरानी रखे जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।






## जब कलेक्टर ने करवाई उचित मूल्य की दुकान में चावल बोरी की वजन

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. शुक्रवार को मतदान केंद्रों के निरीक्षण में निकले थे। कापानार मतदान केंद्र के समीप उचित मूल्य की दुकान में खाद्य सामग्री का भंडारण कार्य किया जा रहा था कलेक्टर पीडीएस दुकान में भंडारण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान संचालक से भंडारण की सामानों की सूची दिखाने कहा और खाद्य सामग्री की मात्रा तथा वजन करवाने के निर्देश दिए। गुड, चना, शक्कर की मात्रा और वजन में कोई कमी नहीं मिली लेकिन मौके पर चावल की बोरियों का नाप करवाने पर निर्धारित मात्रा से कम पाया गया। इसके लिए कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर कर एसडीएम और नायब तहसीलदार को पंचनामा करवाने के निर्देश दिए।



बोरी में निर्धारित मात्रा से कम वजन पाए जाने पर पंचनामा करवाकर कार्यवाही के दिए निर्देश

कलेक्टर अपने साथ उक्त चावल बोरियों को लाकर केशलुर स्थित एफसीआई के गोदाम में दोबारा वजन का जांच करवाया। इसके लिए संबंधितों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही हेतु खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए साथ ही अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जांच करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, एसडीएम तोकापाल श्री सुब्रत प्रधान सहित खाद्य विभाग अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारी कर्मचारी को मिलेगी निःशुल्क चिकित्सा

रायपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार की देर शाम को जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी-कर्मचारी राजधानी रायपुर के 3 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध न होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है। राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी अस्पताल मोवा, श्री नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर तथा रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार राज्य के बाहर हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल तथा विशाखापट्टनम स्थित अपोलो अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

आदेश में उल्लेखित किया गया है कि निर्वाचन कार्य में शामिल शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी तथा सुरक्षा बलों एवं स्टाफ के उपचार की सुविधा जिले के शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध ना होने की स्थिति में जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य नोडल एजेंसी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इन चिकित्सालयों में रिफर किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में डॉ. खेमराज सोनवानी, उप संचालक, राज्य नोडल एजेंसी (मो. नंबर 98278-72102) के साथ समन्वय कर कार्य संपादित किया जाएगा।

# राजधानी में एक अप्रैल से रहेगी उत्कल दिवस की धूम




**रायपुर।** ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ राज्य के ओडिया भाषी लोगों के लिए 1 अप्रैल का दिन महत्वपूर्ण है. छग के सर्व ओड़िया समाज एवं उत्कल सांस्कृतिक परिषद रायपुर इस साल 01 अप्रैल को ओडिशा राज्य का 89वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा. इस कार्यक्रम में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन मुख्य अतिथि होंगे. मुख्यमत्री विष्णुदेव साय अध्यक्षता करेंगे. इस अवसर पर छग शासन के सभी मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, रायपुर सांसद, रायपुर शहर के विधायक एवं रायपुर नगर निगम के महापौर उपस्थित होंगे. यह कार्यक्रम विधायक पुरन्दर मिश्रा के मार्गदर्शन में होगा. यह कार्यक्रम 01 अप्रैल को रात्रि 8 बजे गवर्नमेंट स्कूल, छोटापारा, रायपुर में आयोजित होगा. इस अवसर पर सांस्कृतिक दल उडिया गीत. भजन, ओडिशी नृत्य एवं संबलपुरी नृत्य की प्रस्तुति देंगे. बता दें कि 01 अप्रैल 1936 को भाषा के आधार पर राज्य गठन की स्थापना दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ पूरे देश में मनाया जाता है. छत्तीसगढ़ में उत्कल दिवस मनाने का एक प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़िया उडिया माई-भाई के रूप में समाज के निवासियों के बीच एकता की भावना को प्रोत्साहन देना है. प्रतिवर्ष इस दिन अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. यह आयोजन राज्य के सांस्कृतिक विरासत और राज्य की प्रगति का जश्न मनाने का भी एक अवसर है. छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर, कुनकुरी, लैलूंगा, तमनार, रायगढ़, पुसौर, सरिया, बरमकेला, सारंगढ, सरायपाली, बसना, पिथौरा, खल्लारी, महासमुंद, गरियाबंद, कांकेर, कोण्डागाव, जगदलपुर, दतेवाड़ा, भिलाई, दुर्ग, सरगुजा, बिलासपुर एवं रायपुर में विभिन्न जातियों के उडिया बधुओं की 35 लाख से भी ज्यादा की आबादी विद्यमान हैं.

# रविवार को शुरू होगी रायपुर-जगदलपुर की उड़ान



**रायपुर।** जगदलपुर के लिए काफी दिनों से हवाई सेवा की राह देख रहे यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। 31 मार्च से रायपुर से जगदलपुर के लिए उड़ान शुरू होने वाली है।इंडिगो एयरलाइंस द्वारा यह उड़ान शुरू की जा रही है। साथ ही इसके अगले दिन यानी एक अप्रैल से जगदलपुर से हैदराबाद के लिए भी उड़ान शुरू होगी। बताया जा रहा है कि रायपुर से जगदलपुर की हवाई यात्रा 2,299 रुपये में की जा सकती है। ट्रैवल्स संचालकों का कहना है कि काफी समय से रायपुर से जगदलपुर के लिए हवाई सेवा की मांग की जा रही थी। मालूम हो कि रायपुर से जगदलपुर के लिए यात्री सप्ताह में चार दिन उड़ान भर सकेंगे। वहीं जगदलपुर से हैदराबाद के लिए यात्री सातों दिन उड़ान भर सकेंगे। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा ही ये उड़ानें शुरू की जा रही हैं।

विमानन कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार फ्लाइट क्रमांक 6ई7104 हैदराबाद से जगदलपुर के लिए सुबह 10:50 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 12:30 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। यह फ्लाइट सप्ताह में सातों दिन उड़ान भरेगी। इसके साथ ही फ्लाइट क्रमांक 6ई 7105 जगदलपुर से दोपहर 12:50 बजे उड़ान भरेगी और हैदराबाद दोपहर 2:25 बजे पहुंचेगी। फ्लाइट क्रमांक 6ई 7092 जगदलपुर से दोपहर 12:50 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 1:50 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसके बाद फ्लाइट क्रमांक 6ई 7095 रायपुर से दोपहर 2:10 बजे उड़ान भरेगी और जगदलपुर दोपहर 3:10 बजे पहुंचेगी।

### ढाई महीने में ही चार लाख से ज्यादा यात्रियों ने भरी उड़ान

रायपुर विमानतल में लगातार हवाई यात्रियों की आवाजाही बढ़ती जा रही है। इस वर्ष जनवरी से लेकर 15 मार्च तक ढाई महीनों में ही रायपुर विमानतल से करीब चार लाख से ज्यादा यात्रियों ने उड़ान भरी है। आने वाले दिनों में यात्रियों के लिए सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी।

# राज्य के सभी कॉलेजों में लागू होगी एनईपी




**रायपुर।** उच्च शिक्षा से जुड़े प्रदेश के सभी विवि व कॉलेजों में अगले सत्र से ग्रेजुएशन की पढ़ाई सेमेस्टर पैटर्न से होगी, यह लगभग तय हो गया है। दरअसल, राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू करने की तैयारी की जा रही है।

इसके अनुसार ग्रेजुएशन का कोर्स सेमेस्टर व क्रेडिट आधारित तैयार करने के लिए विषय वार कमेटी बनाई गई है। कोर्स तैयार कर इन्हें 20 अप्रैल तक अपनी रिपोर्ट उच्च शिक्षा को देनी है।

हालांकि, प्राइवेट छात्रों को लेकर एग्जाम का पैटर्न क्या होगा, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। ऐसे में जानकारों का कहना है कि स्वाध्यायी यानी प्राइवेट छात्रों की परीक्षा कैसे होगी? यह बड़ा सवाल है। प्रदेश में हर साल दो लाख से अधिक छात्र ग्रेजुएशन करने के लिए यूनिवर्सिटियों की वा?र्षिक परीक्षा में प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में शामिल होते हैं।

उधर, राज्य में करीब साढ़े छह सौ कॉलेज हैं। इनमें से सिर्फ 8 कॉलेजों में ही ग्रेजुएशन की पढ़ाई सेमेस्टर आधारित है।

जबकि अन्य कॉलेजों में एनुअल पैटर्न है। इसके अनुसार छात्र साल में एक बार वार्षिक परीक्षा देते हैं। सेमेस्टर लागू होने के बाद कोर्स छह-छह महीने में बंट जाएगा। इसके तहत एक साल में दो बार एग्जाम होंगे। जानकारों का कहना है कि ग्रेजुएशन में पूरी तरह से सेमेस्टर सिस्टम लागू करने में चुनौतियां भी हैं। क्योंकि इसमें छात्रों का प्रवेश रेगुलर स्टूडेंट्स के रूप में होगा। इसी तरह यूनिवर्सिटी? और कॉलेजों में इन्फास्ट्रक्चर, प्राध्यापकों की कमी? भी बड़ी समस्या है।

वहीं दूसरी ओर से राज्य के विश्वविद्यालयों की ओर से होने वाली वार्षिक परीक्षा में बड़ी संख्या में स्वाध्यायी यानी प्राइवेट से परीक्षा देने वाले छात्र रहते हैं। सेमेस्टर लागू होने से इन छात्रों की परीक्षा कैसे होगी, इसे लेकर स्पष्टता नहीं है।

## अपराध

### गुंडागर्दी में शामिल होने के आरोप में सुरक्षा कर्मी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के प्रधानमंत्री आवास परिसर में सिक्योरिटी गार्ड की गुंडई का मंगलवार को CCTV वीडियो वायरल हुआ, जिसमें सिक्योरिटी गार्ड अपने साथियों के साथ मिलकर कॉलोनी वालों के साथ मारपीट की। राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी सिक्योरिटी गार्ड समेत 2 नाबालिगों को पकड़ लिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी उमेश साहू के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जानलेवा हमला के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक, ये मामला न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। यहां देवपुरी अमलीडीह में स्थित पीएम आवास परिसर कॉलोनी में तैनात उमेश साहू गार्ड का काम करता है। सोमवार को होली के दिन कॉलोनी के लोगों ने सिक्योरिटी गार्ड पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाया था। इससे भड़के सिक्योरिटी गार्ड ने कॉलोनीवासियों को सबक सिखाने का मन बनाया।



### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर** ।आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी फरहान आलम 18 वर्ष आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी उस्मान, रितिक, मोनू व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर** । चांदनी चौक सड्डू में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी जीतेन्द्र यादव 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी महेश निषाद ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी महेश निषाद 38 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जितेन्द्र यादव ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करने ईओडब्ल्यू को मिली अनुमति

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा, शराब घोटाला, कोयला घोटाला मामले में एसीबी जांच में तेजी आई है। ईओडब्ल्यू को जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ की अनुमति मिल गई है। 29 मार्च से 2 अप्रैल तक जेल में बंद आरोपियों से एसीबी, ईओडब्ल्यू की टीम जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करेगी। इसके लिए स्पेशल कोर्ट ने अनुमति दे दी है। एसीबी 29 मार्च से दो अप्रैल के बीच अलग-अलग दिनों में अलग-अलग प्रकरणों में पूछताछ करेगी। प्रवर्तन निदेशालय ईडी की विशेष अदालत में एसीबी की ओर से तीन आवेदन पेश किए गए थे। इन आवेदनों में जेल में बंद आरोपितों से पूछताछ की मांग की गई थी। शराब घोटाला, महादेव सट्टा एप और कोयला घोटाला मामले में आवेदन अदालत में राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने पेश कर विशेष न्यायाधीश से आग्रह किया कि ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर एसीबी ने कोयला स्कैम, महादेव सट्टा एप घोटाला और शराब घोटाला मामले में अपराध दर्ज किया है।

# वाहन ई चार्ज़िंग में प्रति यूनिट लगेगा 18 रुपये चार्ज

**रायपुर।** रायपुर में गुरुवार को ई-व्हीकल चार्ज करने के लिए 4 जगहों पर चार्जिंग स्टेशन की शुरुआत की गई है। आम जनता को इस सुविधा का लाभ लेने के लिए 18 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से पैसे देने होंगे। एक स्टेशन ने एक ही समय पर 3 गाड़ियां चार्ज कर सकेंगे। इसके बाद कलेक्टर गौरव सिंह, एसपी संतोष कुमार सिंह और निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट मल्टी लेवल पार्किंग में लगे चार्जिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया। रायपुर नगर निगम के प्रोजेक्ट प्रभारी अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि चार्जिंग स्टेशन में 45 मिनट से भी कम समय पर इलेक्ट्रिक व्हीकल फुल चार्ज हो जाएगी। इन चार्जिंग स्टेशन की कैपेसिटी 142 किलोवॉट है। सभी स्टेशनों पर 3 गन वाले चार्जर लगाए गए हैं। सभी फास्ट और एसी चार्जर हैं। जिले के जयस्तंभ चौक, मल्टी लेवल पार्किंग, आईएसबीटी भाठागांव और नगर निगम मुख्यालय में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन लगाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के साथ मिलकर शहर में 10 और चार्जिंग स्टेशन लगाने की तैयारी है, जिसे जल्द लगाया जाएगा।



# पति संग मिलकर महिला करती थी मादक पदार्थों की तस्करी

रायपुर। राजधानी रायपुर के कबीर नगर थाने की पुलिस ने निजता अभियान के तहत मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में लेडी डान तथा उसके पति को एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया है।




लेडी डान अपने आपको चोटिल करने के साथ बच्चे को छत से फेंकने की धमकी देते हुए पुलिस को उल्टा फंसाने की धमकी दे रही थी।

पुलिस के मुताबिक पुराने नारकोटिक्स के मामले में सोहेल खान, मुस्कान रात्रे तथा उसके पति प्रियेश उर्फ प्रिंस यदु की तलाश थी। पुलिस को मुस्कान तथा प्रियेश के कबीर नगर में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार करने उनके ठिकाने पहुंची।

### गिरफ्तारी से बचने पुलिस पर छोड़ा कुत्ता

पुलिस को आता देख मुस्कान अपने पालतू कुत्ते को उनके पीछे छोड़ दिया। बावजूद इसके पुलिस मुस्कान तक पहुंचने की कोशिश कर रही थी। इस दौरान मुस्कान अपने आपको चोटिल कर अपने बच्चे को छत से फेंक देने की धमकी देते हुए पुलिस से बचने की कोशिश की। अंततः पुलिस ने मुस्कान तथा उसके पति को अपने कब्जे में लिया।

पुलिस के अनुसार मुस्कान रात्रे मादक पदार्थ बेचने अपने आपको लेडी डान कहलाना पसंद करती है। मादक पदार्थों की अवैध कारोबार करने मुस्कान नाबालिग लड़कों को रोजी में रखती थी।मुस्कान के खिलाफ शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट, एनडीपीएस सहित कई अन्य मामलों में 17 से ज्यादा प्रकरण दर्ज है।

मुस्कान के खिलाफ पड़ोसी जिलों में अपराध दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। पुलिस के अनुसार मुस्कान तथा उसके पति के क्राइम हिस्ट्री को देखते हुए उन्हें पूर्व में मिले जमानत को रद्द करने कोर्ट में आवेदन लगाएगी।

# रायपुर के चोर को ट्रांसपोर्टर के सूने मकान से पकड़ा गया

**रायपुर।** रायपुर में एक ट्रांसपोर्टर के सूने मकान में चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने पकड़ लिया है। परिवार होली मनाने गांव गया था। तभी चोर घर के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसा।




आलमारी के लॉकर में रखे नगद पैसे लेकर भाग गया था। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के पवन विहार कॉलोनी का है। रविंद्र प्रसाद गुप्ता ने थाने में FIR दर्ज कराई थी कि अपने परिवार के साथ 26 मार्च को होली में मनाने फरसा बहार जशपुर गए थे। 27 मार्च को पड़ोसी ने फोन पर बताया कि उनके घर का ताला खुला हुआ है, तो परिवार वापस रायपुर आया।

रविंद्र ने देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। सारा सामान बिखरा हुआ है। इसके अलावा आलमारी में स्टील के डब्बे में रखे 72 हजार रुपये कैश गायब थे। जिसके बाद उन्होंने राजेंद्र नगर थाने जाकर FIR दर्ज कराई।

### सरेआम शराब पीते 33 गिरफ्तार

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 33 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना फाटक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कीर्ति दास जांगडे 25 वर्ष व मनोज सोनी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी सुखदेव साहू 37 वर्ष व भावेश शुक्ला 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी जीतेंद्र नागदेवे 45 वर्ष, सुजीत कुमार साहू 34 वर्ष व निखिल कुमार 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी राजेंद्र कुमार 34 वर्ष, किशोर ताण्डी 25 वर्ष, महेंद्र रचदानी 32 वर्ष व गणेश दीप 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी श्रीराम चौहान 28 वर्ष, राजेश सिंह 38 वर्ष व चरण दास मानिकपुरी 37 वर्ष व चतुर सागर 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी धनेश्वर निषाद 32 वर्ष, गोकुल पाल 36 वर्ष व तुलसीराम सोनकर 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी हेमंत कुमार कंवर 31 वर्ष, विशाल ढोले 23 वर्ष, पारस कुमार सोठिया 41 वर्ष, नरेंद्र वर्मा 35 वर्ष व पर्यटन वर्मा 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी मोह.आबिद 36 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी जीतेश श्रीवास 33 वर्ष, अजय श्रीवास 33 वर्ष व शेखर सोनकर 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर और एसपी ने किया धरसींवा का दौरा



**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह एवं एसएसपी संतोष सिंह ने आज गुरुवार को धरसींवा विधानसभा के धरसींवा और बलौदाबाजार विधानसभा का जिले मे आने वाले क्षेत्र तिल्दा का दौरा किया और चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने तिल्दा के सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय में स्थित स्ट्रांग रूम और धरसींवा विधानसभा के अंतर्गत ग्राम चिचोली में मतदान केन्द्र का अवलोकन भी किया।

कलेक्टर ने कहा कि मतदान केन्द्रों में दिव्यांजनो के लिए रैम्प की व्यवस्था करें और प्रत्येक केन्द्र में गर्मी को देखते हुए विशेष रूप से पानी, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने बलौदा-बाजार विधानसभा के रायपुर जिले में आने वाले मतदान केन्द्रों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। एसएसपी ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा संबंधी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसडीएम प्रकाश टंडन ने बताया कि धरसींवा विधानसभा में 249, रायपुर जिले में बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 110 मतदान केन्द्र हैं। इस अवसर पर तिल्दा तहसीलदार श्रीमती ज्योति मशियारे, जनपद सीईओ विवेक गोस्वामी उपस्थित थे।

## विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार का पहला गाना जज्बाती है दिल हुआ रिलीज




विद्या बालन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी पहली बार सेंथिल राममूर्ति के साथ बनी है।यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।इससे पहले निर्माताओं ने दो और दो प्यार का पहला गाना जज्बाती है दिल जारी कर दिया है, जिसे अरमान मलिक और अनन्या बिड़ला ने मिलकर गाया है।कुणाल वर्मा ने इस रोमांटिक गाने के बोल लिखे हैं। दो और दो प्यार का निर्देशन शीर्षा गुहा ठाकुरता ने किया है। समीर नायर, दीपक सहगल, तनुज गर्ग, अतुल कस्बेकर और स्वाति अय्यर चावला इस फिल्म के निर्माता हैं।विद्या ने दो और दो प्यार का पहला गाना जज्बाती है ।



## फिल्म टॉक्सिक में सुपरस्टर यश की बहन का किरदार निभाएंगी करीना कपूर

अभिनेता यश पिछले काफी समय से अपनी फिल्म टॉक्सिक को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।इस फिल्म के निर्देशन की कमान गीतू मोहनदास ने संभाली है।अफवाहों का बाजार गर्म है कि यश के साथ टॉक्सिक में करीना कपूर काम करती नजर आ सकती हैं। हालांकि, कुछ दिन पहले करीना की टीम ने इन खबरों को अफवाह बताया था। नई खबर के अनुसार, करीना टॉक्सिक में यश की बहन का किरदार निभाएंगी।

टॉक्सिक में यश की बहन का किरदार निभाने के लिए करीना से संपर्क किया गया है। अभिनेत्री और निर्माताओं के बीच बातचीत जारी है।अगर ऐसा होता है तो यह यश और करीना के बीच पहला सहयोग होगा।विकास से जुड़े एक सूत्र ने कहा, फिल्म की कहानी भाई-बहन के रिश्ते के ईद-गिर्द घूमेगी, जिसके लिए यश के साथ करीना नजर आएंगी। निर्देशक फिल्म की शुरुआत से ही करीना को टॉक्सिक में लेने के इच्छुक थे। बातचीत चल रही थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, टॉक्सिक में यश का एकदम नया अवतार देखने को मिलेगा। यह फिल्म एक्शन से भरपूर होगी।ऐसी चर्चा है कि यश और करीना के अलावा इस फिल्म में श्रुति हासन, साई पल्लवी और शाहरुख खान जैसे दिग्गज सितारे भी नजर आएंगे। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी ह।बता दें, फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि टॉक्सिक 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

अवनीत कौर ने बैकलेस बॉडीकॉन ड्रेस पहन दिए सेक्सी पोज

## एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर मचा रहीं तहलका

बॉलीवुड और टीवी सीरियल स्टार अवनीत कौर ने हाल ही में अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कीं। जिसमें अदाकारा बैकलेस ड्रेस में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखीं। बॉलीवुड और टीवी सीरियल अदाकारा अवनीत कौर ने हाल ही में अपनी बोल्ड तस्वीरों से इंटरनेट की दुनिया में तहलका मचा दिया है।

अवनीत कौर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कीं। इन बोल्ड तस्वीरों में एक्ट्रेस बैकलेस ड्रेस में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखीं। जिसके बाद लोग एक्ट्रेस की बोल्डनेस को देख दांतों तले उंगली दबाते दिखे। अदाकारा की इन तस्वीरों पर फैंस ने भी जमकर कमेंट्स किए। यहां देखें टीकू वेड्स शेरू स्टार की बोल्ड बैकलेस ग्रीन ड्रेस की फोटोज।

अदाकारा अवनीत कौर ने हाल ही में अपना बोल्ड अवतार फैंस को दिखाया है। जिसमें एक्ट्रेस बेहद बोल्ड और सिजलिंग नजर आई। अदाकारा अवनीत कौर ने अपने इस बोल्ड फोटोशूट के दौरान कई तरह की तस्वीरें क्लिक करवाई। जो इस वक्त फैंस का दिल धड़का रही हैं। सामने आई अदाकारा की इन लेटेस्ट तस्वीरों में अदाकारा अवनीत कौर बेहद बोल्ड और ब्यूटीफुल नजर आई। यही वजह है कि उनकी तस्वीरें धड़ल्ले से वायरल होती दिखीं। इस बैकलेस ड्रेस में अदाकारा अवनीत कौर अपनी पीठ पर बना टैटू फैंस को फ्लॉन्ट करती दिखीं। अदाकारा की इन तस्वीरों पर लोग दिल हार गए हैं। अदाकारा ने इस दौरान अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। वो कभी नीचे बैठकर तो कभी खड़े होकर तरह-तरह के पोज क्लिक करवाती दिखीं। अदाकारा अवनीत कौर की तस्वीरों पर फैंस भी दिल हार गए हैं। यही वजह है कि उनकी इन तस्वीरों पर लोगों ने जमकर कमेंट्स किए। अवनीत कौर की फोटोज पर कमेंट कर एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, मार डाला तो कई यूजर्स फायर की इमोजी शेयर करते दिखे।



## अजय देवगन की शैतान की कमाई जारी, सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की दैनिक कमाई में गिरावट जारी



अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के तीसरे सप्ताह भी अपने पांव जमाए हुए है।समीक्षकों के साथ दर्शकों की मिश्रित प्रतिक्रिया के बावजूद यह फिल्म शानदार कारोबार करने में कामयाब रही है।महज 65 करोड़ की लागत से बनी फिल्म शैतान ने अब घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 130 करोड़ रुपये की कमाई का आंड़का पार कर लिया है।आइए जानते हैं फिल्म ने 19वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, शैतान ने अपनी रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार 2.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 130.95 करोड़ रुपये हो गया है।शैतान का डंका दुनियाभर में खूब बज रहा है। यह फिल्म अब तक 187.82 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।

फिल्म में दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री ज्योतिका भी मुख्य भूमिका में हैं। उन्होंने अजय की पत्नी का किरदार निभाया है।

दूसरी ओर सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पाटनी जैसे सितारों से सजी फिल्म योद्धा से निर्माताओं के साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन एक्शन के साथ रोमांस के तड़के से भरपूर यह फिल्म औसत से नीचे ही कमाई कर सकी।बॉक्स ऑफिस पर योद्धा धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है।

बड़े मियां छोटे मियां का ट्रेलर जारी

## अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने किया जबरदस्त एक्शन




बॉलीवुड खिलाड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म के टीजर और गाने सामने आने के बाद से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दर्शकों का उत्साह देखते हुए फिल्म के मेकर्स ने आज बड़े मियां छोटे मियां का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है। फिल्म का ट्रेलर बेहद ही दिलचस्प है। इसमें अक्षय-टाइगर जबर्दस्त एक्शन करते नजर आए हैं।

बड़े मियां छोटे मियां के मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर गोलीबारी और बम धमाके के साथ-साथ दमदार एक्शन से भरपूर है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अलग ही लेवल का स्टंट करते दिखाई दिए हैं।

## कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस की कमाई की रफ्तार धीमी, रणदीप हुड्डा की स्वतंत्र वीर सावरकर की कमाई में गिरावट शुरू



प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु शर्मा जैसे दिग्गज सितारों से सजी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।यह फिल्म इसलिए ज्यादा खास है क्योंकि मडगांव एक्सप्रेस कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है।नोरा फतेही ने भी इस कॉमेडी से भरपूर फिल्म में अपने अभिनय का तड़का लगाया है।वीकेंड पर शानदार कारोबार करने के बाद अब कामकाजी दिनों में मडगांव एक्सप्रेस की दैनिक कमाई लगातार घटती जा रही है।

मडगांव एक्सप्रेस की कमाई के पांचवें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं।सैकनिल्क के मुताबिक, मंगलवार को फिल्म ने 1.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 11.15 करोड़ रुपये हो गया है।मडगांव एक्सप्रेस ने 1.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।दूसरे दिन इस फिल्म ने 2.75 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 2.8 करोड़ रुपये कमाए। चौथे दिन यह फिल्म 2.6 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

*दूसरी ओर रणदीप हुड्डा ने फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर के जरिए हिंदी सिनेमा में बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत की है।इस फिल्म में अभिनेता ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारा है।बेशक रणदीप ने एक बार फिर अपनी उम्दा अदाकारी का लोहा मनवाया है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।वीकेंड पर ठीक-ठाक कमाई करने के बाद अब पांचवें दिन स्वतंत्र वीर सावरकर की कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है।*

# खेल

## IPL-2024 में राजस्थान की लगातार दूसरी जीत

दिल्ली को 12 रन से हराया; होम टीम सीजन में लगातार 9वां मैच जीती; रियान पराग की फिफ्टी




जयपुर। राजस्थान रॉयल्स (RR) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 9वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स (DC) को 12 रन से हराया। होम टीम ने सीजन में लगातार 9वां मैच जीता है, जबकि राजस्थान ने लगातार दूसरी जीत हासिल की है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बनाए।

जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 5 विकेट पर 173 रन ही बना सकी। रियान पराग प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 45 बॉल पर 84 रन की पारी खेली। इस पारी में 7 चौके और 6 छक्के शामिल रहे।

### राजस्थान की जीत के हीरो

राजस्थान के रियान पराग ने 45 बॉल पर 186.67 के स्ट्राइक रेट से 7 चौके और 6 छक्के के सहारे नाबाद 84 रन बनाए। रविचंद्रन अश्विन ने 29 और ध्रुव जुरेल ने 20 रन का योगदान दिया। दिल्ली के खलील अहमद, मुकेश कुमार, एनरिक नॉर्त्या, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।

जवाब में दिल्ली से डेविड वॉर्नर ने 34 बॉल पर 49 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 44, कप्तान ऋषभ पंत ने 28 और मिचेल मार्श ने 23 रन की पारियां खेलीं। युजवेंद्र चहल और नांद्रे बर्गर को 2-2 विकेट मिले। आवेश खान के हिस्से एक विकेट आया।




### राजस्थान ने 36 पर टॉप-3 विकेट गंवाए, पराग ने 185 तक पहुंचाया

पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही। टीम ने 36 रन पर टॉप-3 विकेट गंवा दिए थे। यशस्वी जायसवाल 5, जोस बटलर 11 और संजू सैमसन 15 रन बनाकर आउट हुए। यहां से रियान पराग ने अर्धशतकीय पारी खेलकर स्कोर 185 रन तक पहुंचाया। रियान ने रविचंद्रन अश्विन (29 रन) के साथ 54, ध्रुव जुरेल (20 रन) के साथ 52 और हेटमायर (14 रन) के साथ नाबाद 43 रन की साझेदारी की।

### दिल्ली के भारतीय बैटर फेल, वॉर्नर-स्टब्स फिफ्टी चूके


186 रन चेज कर रही दिल्ली को ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने 20 बॉल पर 30 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। 30 रन के स्कोर पर मार्श के आउट होने के बाद रिकी भुई भी शून्य पर आउट हुए। नंबर-4 पर आए ऋषभ पंत भी बड़ी पारी नहीं खेल रहे और 28 रन बनाकर आउट हुए।




एक नजर


अभिषेक शर्मा ने बताया 16 बॉल में फिफ्टी का राज

## ब्रायन लारा से बात करना फायदेमंद रहा; पैरेंट्स भी आए थे स्टेडियम



सनराइजर्स हैदराबाद के लिए रिकॉर्ड 16 बॉल पर फिफ्टी बनाने वाले अभिषेक शर्मा ने अपनी बैटिंग स्ट्रैटजी का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि ब्रायन लारा से मैच से पहले बैटिंग पर बात करना फायदेमंद रहा। बैटिंग पार्टनर ट्रैविस हेड का भी बहुत सपोर्ट मिला। अभिषेक की फिफ्टी के सहारे स्क्रा। ने बुधवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ IPL इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। टीम ने 20 ओवर में 277 रन बनाए। अभिषेक 63 रन बनाकर आउट हुए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। अभिषेक शर्मा ने मैच के बाद पोस्ट मैच कॉन्फ्रेंस में कहा, मैंने ये चीज पहले भी कही है कि घरेलू क्रिकेट खेलने से बहुत फायदा और कॉन्फिडेंस मिलता है। हेड के साथ बैटिंग के वक्त मैसेज सिम्पल था कि पिच पर जा कर खुद को एक्सप्रेस करना है। हेड ने कहा कि अगर गेंद पाले में दिखे तो शॉट खेल देना है, मैंने भी वही किया।

## अभी संन्यास के बारे में नहीं सोचा: मेसी



**वाशिंगटन** । लियोनल मेसी ने अभी तक संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि जब वो संन्यास लेंगे तो इस फैसले के पीछे उम्र निर्णायक कारक नहीं होगी। लियोनल मेसी ने संन्यास को लेकर एकबार फिर अपना मन बदला है। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह अपने करियर को तभी अलविदा कहेंगे जब उन्हें लगेगा कि वह अब अपना बेस्ट नहीं दे सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मेसी ने बुधवार को बिग टाइम पॉडकास्ट के साथ एक इंटरव्यू में कहा, मुझे पता है कि जिस क्षण मुझे लगेगा कि मैं अब अच्छा नहीं कर पा रहा हूं या मैं खेल का आनंद नहीं ले रहा हूं या अपने साथियों की मदद नहीं कर रहा हूं, तब मैं उसी क्षण संन्यास ले लूंगा। मुझे पता है कि मैं कब अच्छा और कब खराब खेलता हूं। जब मुझे लगेगा कि यह कदम उठाने का समय आ गया है, तो मैं उम्र के बारे में सोचे बिना ऐसा करूंगा। अगर मुझे अच्छा लगता है, तो मैं प्रतिस्पर्धा जारी रखने की कोशिश करूंगा। यह वही है जो मुझे पसंद है और मैं जानता हूं कि इसे कैसे करना है। कतर में फीफा विश्व कप 2022 खिताब के लिए अर्जेंटीना का नेतृत्व करने के बाद, मेसी ने कहा कि उन्होंने वह सब कुछ हासिल किया है जिसकी उन्हें उम्मीद थी। मेसी ने कहा, मैंने अभी तक संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। फिलहाल, मैं भविष्य के बारे में सोचे बिना हर दिन, हर पल का आनंद लेने की कोशिश करता हूं। इसलिए जब सही समय आएगा तब मैं इसके बारे में सोचूंगा।

IPL-2024 का ओपनिंग-डे 16.8 करोड़ दर्शकों ने देखा

## 1276 करोड़ मिनट का वॉच-टाइम दर्ज किया गया; किसी भी सीजन में पहले दिन का रिकॉर्ड बना




इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 17वें सीजन के पहले दिन (उद्घाटन और मैच) रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने प्रसारण देखा। लीग के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर डिज्नी स्टार नेटवर्क ने गुरुवार, 28 मार्च को यह जानकारी दी। पहले दिन 1276 करोड़ मिनट का वॉच-टाइम दर्ज किया गया, जो कि किसी भी IPL सीजन के शुरुआती दिन के लिए सबसे ज्यादा है। हालांकि, डेटा में IPL-2020 सीजन शामिल नहीं है जो कोरोनो महामारी के दौरान UAE में हुआ था। पहले दिन कुल 6.1 करोड़ दर्शकों ने डिज्नी स्टार नेटवर्क पर एक साथ प्रसारण देखा। यह भी एक रिकॉर्ड है। इस सीजन का पहला मैच मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स (CSK) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के बीच खेला गया था। IPL के सीजन-17 की ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड स्टार्स और सिंगर्स की परफॉर्मेंस देखने को मिली। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में करीब 40 मिनट चली सेरेमनी में एआर रहमान, सोनू निगम, मोहित चौहान और नीती मोहन जैसे सिंगर्स ने अपने हिट गानों से समां बांध दिया था। सेरेमनी की शुरुआत अक्षय कुमार ने परफॉर्म कर की। उनके बाद टाइगर श्रॉफ ने जय जय शिव शंकर गाने पर डांस किया। सोनू के बाद एआर रहमान ने मां तुझे सलाम और नीती मोहन ने बरसो रे मेघा गाया था।

## पोंटिंग ने अंपायर से बहस की, दो बार गेम रुकास्कूप शॉट खेलने के चक्कर में बोल्ड हुए जुरेल ,पंत को मिली स्पेशल जर्सी



राजस्थान रॉयल्स (RR) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 9वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स (DC) को 12 रन से हराया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 5 विकेट पर 173 रन ही बना सकी। ऋषभ पंत ने फ्रेंचाइजी के लिए 100वां मैच खेला। इस मौके पर उन्हें टीम की ओर से विशेष जर्सी मिली। वहीं, दूसरी पारी में इम्पैक्ट प्लेयर रूल को लेकर दिल्ली के कोच पोंटिंग ने अंपायर से बहस की, जिस कारण दो बार गेम रोका गया।ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के लिए 100 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने। मैच से पहले, उन्हें टीम के साथियों ने स्पेशल जर्सी दी। जर्सी पर पंत के नाम के साथ ही 100 लिखा था।

पंत ने 2016 में IPL डेब्यू किया। उसी साल उन्होंने 19 वर्ल्ड कप में भारत को लीड किया। अपने पहले सीजन को छोड़कर, उन्होंने हर साल 300 से ज्यादा रन बनाए हैं। दिल्ली के किसी अन्य बल्लेबाज ने पंत से ज्यादा रन नहीं बनाए हैं या ज्यादा छक्के (129) नहीं लगाए हैं। पहली पारी के दौरान कुलदीप यादव के कहने पर दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने रिव्यू लिया। 8वें ओवर की दूसरी गेंद पर कुलदीप ने लेग स्टंप की लाइन के पास बॉल फेंकी। राजस्थान के सलामी बल्लेबाज ने इस पर रिवर्स-स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन वह चूक गए और गेंद उनके पैड पर लगी। कुलदीप यादव के LBW की अपील करने पर भी अंपायर ने बटलर को नॉटआउट दिया।

# चोरी की स्कूटी के साथ तमनार पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

## शातिर बाइक चोर पहले भी बाइक चोरी में गया है जेल

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।




बीते 24-25 मार्च की दरम्यानी रात बरभांठा चौक तमनार से चोरी हुई स्कूटी मामले में तमनार पुलिस द्वारा स्कूटी चोरी करने वाले युवक तथा चोरी की स्कूटी को बिक्री के लिए छिपा कर रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार का चोरी स्कूटी बरामद किया गया है ।

जानकारी के मुताबिक 25 मार्च को ग्राम तिलाईपारा समकेरा की रहने वाली कम्मी पटनायक (30 साल) थाना तमनार में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 मार्च को अपने रिश्तेदार के यहां बरभांठा चौक तमनार अपनी नीले रंग की सोल्ड होण्डा स्कूटी पर आई थी, रात को रिस्तेदार के घर पर रूकी थी । दूसरे दिन भोर सुबह करीब 05.00 बजे परछी में बाउंड्री अंदर खड़ी स्कूटी को एक लड़का (संजू साहू) चोरी कर ले गया । वाहन चोरी की रिपोर्ट पर थाना तमनार में अपराध क्रमांक 101/2024 धारा 457,380 आईपीसी के तहत संदेही संजू साहू के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया । माल मुल्जिम पतासाजी दौरान आज तमनार पुलिस द्वारा फरार संदेही संजू साहू की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया, संजू साहू डम्फर वाहन में हेल्फर का काम करता है ।

2 साल पहले पुलिस ने आरोपी संजू साहू को उसके साथी धरमजयगढ़ के सागर सारथी उर्फ चेमे और सुनील यादव को चोरी के मोटर सायकल के साथ गिरफ्तार किया गया था । आरोपित संजू साहू ने 25 मार्च के सुबह बरभांठा चौक तमनार से पुरानी इस्तेमाली होण्डा स्कूटी चोरी कर स्कूटी को पूछा पारा इंदिरा नगर रायगढ़ में रहने वाले अपने पूर्व परिचित धनेश्वर कुर्रे से मिलकर उसके पास बिक्री के लिए रखवाना बताया । तत्काल धनेश्वर कुर्रे के घर दबिश देकर आरोपी के मेमोरेंडम पर चोरी की सोल्ड स्कूटी को बरामद किया गया है । प्रकरण में धारा 411 आईपीसी विस्तारित कर आरोपी-(1) संजू साहू पिता चंद्रभान साहू उम्र 24 साल निवासी गिरगिरा थाना चंद्रपुर जिला सक्ती (2) धनेश्वर प्रसाद कुर्रे पिता स्वर्गीय रामदुलार कुर्रे उम्र 33 साल निवासी पूछापारा इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 11 थाना कोतवाली जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम तथा डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर माल, मुलाजिम पतासाजी में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, सहायक उप निरीक्षक सुरूति लाल सिदार, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है ।

अवैध शराब पर तमनार पुलिस की कार्रवाई जारी

# ग्राम उरबा में 40 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़ ।




अवैध शराब पर कार्यवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं डीएसपी श्री अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर तमनार थाना प्रभारी निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में लगातार अवैध शराब पर कार्रवाई जारी है । थाना प्रभारी निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा थाना क्षेत्र के गांव में मुखबीर सक्रिय कर लगातार अवैध शराब पर कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में आज दिनांक 29/03/2024 के सुबह मुखबीर से मिली सूचना पर ग्राम उरबा दर्रीपारा में तमनार पुलिस द्वारा शराब रेड के लिए दबिश दिया गया । थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शीष कुमार यादव अपने बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रहा है ।

पुलिस मौके पर जाकर संदेही शीष कुमार को तलब किया गया, कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने शराब बिक्री करना स्वीकार किया और अपने बाड़ी के झोपड़ी से 20 लीटर क्षमता वाले एक प्लास्टिक जरकिन और पांच-पांच लीटर क्षमता वाले चार प्लास्टिक के जरकिन में भरा कुल 40 लीटर महुआ शराब, कीमती 8,000 रूपये लाकर पेश किया जिसकी विधिवत जप्ती की गई । आरोपी आरोपी शीष कुमार यादव पिता स्व. नवबोधन यादव उम्र 30 वर्ष सा. उरबा दर्रीपारा थाना तमनार जिला रायगढ़ के कृत्य पर थाना तमनार में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है । शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, आरक्षक अमरदीप एक्का, पुरुषोत्तम सिंह सिदार और पुष्पेन्द्र सिदार शामिल थे ।

# पुलिसकर्मियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़ ।

निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर, रेंज बिलासपुर के दिशा निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के मार्गदर्शन पर जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिये दो दिवसीय चुनावी प्रशिक्षण का आयोजन पुलिस नियंत्रण कक्ष रायगढ़ में किया गया था । 28 एवं 29 मार्च को प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ श्री सिद्धांत तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री रमेश चंद्रा तथा थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को आदर्श आचार संहिता एवं सुरक्षा प्रबंध के संबंध में पुलिस अधिकारियों के कर्तव्य, निर्वाचन के पूर्व, निर्वाचन दिवस तथा निर्वाचन के पश्चात पुलिस के द्वारा की जाने वाली कार्यवाही, ईवीएम, व्हीव्ही पेट की सुरक्षा, सुरक्षा बलों का डिप्लायमेंट, संवेदनशील मतदान केन्द्रों की जानकारी, उनकी निगरानी, फ्लाइंग स्क्वायड, स्थैतिक निगरानी दल की कार्यवाही तथा चुनाव सेल की कार्यवाही संबंधी विषयों पर मास्टर ट्रेनरर्स ने जानकारी दिया गया । दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारी, FST/SST में लगे पुलिसकर्मियों के साथ थाना/चौकी के स्टाफ सम्मिलित हुए।

# गर्लफ्रेंड से मिलने गया प्रेमी सहेली को देख डोली नियत, बनाना चाहा संबंध, दोनों ने मिलकर की प्रेमी की हत्या

**बलरामपुर ।** रामनुजगंज के वार्ड क्रमांक दो में कॉलेज के छात्र की उसकी प्रेमिका और नाबालिग सहेली ने मिलकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। छात्र होली की रात उनके निवास पर पहुंचा था और उसने अपनी प्रेमिका के साथ ही उसकी नाबालिग सहेली से जबरदस्ती संबंध बनाना की कोशिश की थी। इस दौरान आक्रोशित होकर दोनों ने रस्सी से गला घोटकर उसकी हत्या कर दी थी। युवक का शव मंगलवार दोपहर प्रेमिका के घर के बाहर मिला था।



जानकारी के मुताबिक, बलरामपुर थाना क्षेत्र के पुटसूरा गांव निवासी विरेंद्र यादव (18) अपनी बहन पुनीता यादव के साथ बलरामपुर के वार्ड क्रमांक-2 मरियमपारा में किराए के आवास में रहकर कॉलेज में पढ़ रहा था। मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे उसकी बहन को एक युवक ने फोन कर बताया कि उसका भाई बेहोशी की हालत में अरिश्मा के घर के बाहर पड़ा है। पुनीता मौके पर पहुंची और घर की बाउंड्री के अंदर भाई को पड़ा देख उसे अस्पताल ले गई। अस्पताल में जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर डीएसपी जितेंद्र खुंटे, बलरामपुर थाना प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

घटना की रिपोर्ट पुनीता यादव ने बलरामपुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अरिश्मा और उसकी नाबालिग सहेली को हिरासत में लिया। दोनों ग्राम पुटसूरा की रहने वाली हैं और किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती हैं। पूछताछ में अरिश्मा ने बताया कि उसका विरेंद्र यादव से प्रेम संबंध था। विरेंद्र यादव होली की देर शाम उनके मकान में आया था। वह दोनों से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने लगा।

## फंदा बनाकर घोंट दिया गला

युवक को प्रेमिका अरिश्मा ने ऐसा करने के लिए मना किया, लेकिन वह नहीं माना और उसकी नाबालिग सहेली के साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की। इससे आक्रोशित होकर दोनों ने घर में रखी नाइलोन की रस्सी को कमरे में पंखा टांगने के रॉड से फंसाया और फंदा बनाकर उसके गले में डाल दिया और दूसरे हिस्से को खींच दिया। विरेंद्र यादव गला दबने से बेहोश हो गया।

## बेहोश युवक को निकाला बाहर, सुबह दी सूचना

विरेंद्र यादव को बेहोशी की हालत में अरिश्मा एवं उसकी सहेली ने कमरे से बाहर निकाल दिया और दोनों कमरे में चले गए। तड़के उन्होंने देखा तो विरेंद्र यादव की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना उन्होंने परिचित युवक को दी। बलरामपुर थाना प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अरिश्मा और उसकी नाबालिग सहेली को गिरफ्तार कर लिया है।

# बुरी नीयत से रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने वाले दो मनचले युवकों को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ – रतनपुर।



प्रार्थिया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थिया दिनांक 24 मार्च को रतनपुर बाजार से सामान खरीदकर पैदल में अपनी सहेलियों के साथ वापस घर जा रहे थे कि उसी समय करीब 06:30 बजे शाम तुर्की तालाब रतनपुर के पास पहुंचे थे।कि पीछे से स्कूटी में गांव का रहने वाला अनिष कुमार उर्फ अंकू व सूरज भारद्वाज आये। अनिष स्कूटी में ही था व सूरज भारद्वाज प्रार्थिया के सामने आकर जबरन रास्ता रोककर बेईजत्ती करने की नीयत से बाँया हाथ को पकडकर छेडखानी करने लगा, तब प्रार्थिया के द्वारा हाथ को छुड़ाकर अपने घर तरफ भाग गई। प्रार्थिया काफी डरी सहमी हुई थी।प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी रतनपुर अजय कुमार भा.पु.से.(प्रशिक्षु) द्वारा टीम गठित कर आरोपियों को बिलासपुर से गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रतनपुर अजय कुमार भा.पु.से.(प्रशिक्षु), निरीक्षक देवेश सिंह राठौर,उपनिरी कमलेश बंजारे, प्र.आर सत्यप्रकाश यादव, विकास सेंगर,आर.दीपक मरावी, कीर्ति पैकरा का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### आईजी ने ली परेड, समस्याएं भी सुनी

**कोरबा ।** बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉक्टर संजीव शुक्ला एक दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को कोरबा पहुंचे। उन्होंने यहां रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद दरबार लगाया और मातहतों की समस्याएं सुनी। मौके पर समाधान भी किया गया। गृह विभाग की व्यवस्था के अंतर्गत पुलिस के उच्च अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार में वार्षिक निरीक्षण करने का दायित्व मिला हुआ है इसके अंतर्गत परेड के अलावा आकस्मिक थाना चैकी पहुंचकर वहां का निरीक्षण करने के अलावा मैदानी स्तर से जुड़ी हुई समस्याओं को जानना भी होता है। बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉक्टर संजीव शुक्ला कोरबा जिले के प्रवास पर शुक्रवार को पहुंचे। उनके कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए स्थानीय स्तर पर आवश्यक तैयारी पुलिस विभाग की ओर से की गई। रिजर्व पुलिस लाइन में आज सुबह आयोजित परेड में पुलिस बल शामिल हुआ। कई बिंदुओं पर आईजी डॉ शुक्ला ने परेड का निरीक्षण किया। उपस्थित सबोर्डिनेट यूनिफॉर्म के अलावा अन्य बिंदु का इंस्पेक्शन किया गया । कुछ मामलों में सराहना दी गई तो कुछ में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। परदेस इंस्पेक्शन के बाद आईजी ने यहां पर दरबार लगाया जिसमें कर्मचारियों से संवाद किया गया। उनकी कुछ समस्याएं यहां पर आई जिनका समाधान भी किया गया।

### गेवरा माइंस से कोयला लेकर आ रहा वाहन पलटा, चालक घायल

**कोरबा ।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की गेवरा खदान से कोयला लेकर आ रहा एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गेवरा टीपर मार्ग पर यह हादसा हुआ जिसमें चालक को मामूली चोट आई है,हालाकि चालक ने ट्रक के पास रुकना मुनासिब नहीं समझा और मौके से भाग खड़ा हुआ। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को यह घटना हुई, जिसने एक बार फिर कोयला लोड वाहनों की स्पीड और सरकार के निर्देशानुसार इनमें अनिवार्य रूप से स्पीड गवर्नर लगाए संबंधी दावों की पोल खोलकर रख दी है। बताया जा रहा है,कि ट्रक गेवरा की ओर से कोयला लोड कर टीपर मार्ग से कुसमुंडा की ओर आ रह था। ट्रक जैसे ही टीपर मार्ग पर पुराने लक्ष्मण खदान के पास पहुंचा वैसे ही अनियंत्रित होकर सडक से नीचे जा उतरा और पलट गया,इस घटना में चालक को मामूली चोट आई है। लोगों ने बताया,कि ट्रक तेज रफ्तार में था और सडक से नीचे उतर गया और खाई नुमा गड्ढे में जा गिरा और पलट गया। चालक जैसे तैसे केबिन से बाहर निकला और वहां से भाग निकला। इस हादसे में कोई और हताहत नहीं हुआ है। इससे पहले भी गेवरा, दीपका और कुसमुंडा क्षेत्र में कोयला लोड वाहन हादसे का शिकार हुए हैं और इनमें चालकों के अलावा सिविलियन की भी मौत हुई है या फिर उन्होंने अपने शरीर के किसी हिस्से को खोया है। ऐसे मामलों को लेकर बार-बार चिंता जताई गई है और सुधार की दिशा में जरूरी कदम उठाने को कहा गया है लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं आ सके। कहा जा रहा है कि कोयला कंपनी को केवल उत्पादन और परिवहन से ही मतलब रह गया है। इस चक्कर में जन सरोकार हासिए पर जा रहे हैं।

### ज्योत्सना के समक्ष शताधिक लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश

**कोरबा ।** लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है। राजनीतिक दलों में लोगों के प्रवेश का सिलसिला तेज हो गया है। कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तुलसीनगर, साकेत नगर, गेरवाघाट, चिमनीभट्ठा, सुभाष ब्लॉक, रामनगर, खपराभट्ठा, बालको, रिस्दी व शारदा विहार के शताधिक लोगों ने कल कांग्रेस नेता कलीम सिद्दिकी की पहल पर सांसद एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। हरिश परसाई के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य एवं पूर्व सभापति संतोष राठौर ने इन लोगों को गमछा पहनाया और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिश परसाई, कलीम सिद्दिकी, उषा जायसवाल, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत उपस्थित थे। कांग्रेस प्रवेश के साथ लोगों ने एक स्वर में कहा कि कोरबा क्षेत्र के विकास के लिए पार्टी प्रत्याशी ज्योत्सना महंत को जिताना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कांग्रेस की सदस्यता लेने वाली महिलाओं को प्रत्याशी श्रीमती महंत ने बताया कि यदि देश में कांग्रेस की सरकार आती है तो हर महिलाओं को महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी योजना के तहत एक-एक लाख रूपए सालाना दिया जाएगा।

### राखड़ लोड ट्रेलर के चपेट में आकर 6 मवेशियों की मौत

**कोरबा ।** बिजली घरों से रोज कई लाख टन निकलने वाली राख के उत्सर्जन की प्रक्रिया में न केवल चुनौतियां हैं बल्कि कमाई भी है। प्रतिस्पर्धा के फेर में राखड़ ले जाने वाली गाडियां स्पीड पर नियंत्रण नहीं कर रही हैं। इसी चक्कर में आज 6 मवेशियों की मौत हो गई।

जिले की मुख्य सडक पर दौडने वाली भारी वाहनों के कारण आम जनता के साथ ही मूक पशुओं की जान भी खतरे में पड़ गई है। रोजाना हादसे हो रहे हैं और रोजाना किसी न किसी की मौत हो रही है। एक बार फिर से गोढ़ी राखड़ बांध के पास तेज रफ्तार भारी वाहन ने 6 मवेशियों को कुचल दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

अवैध कारोबारियों पर पुलिस का प्रहार अभियान जारी

# निगम दस्ते के साथ कबाड़ कारोबारी छोटू पांडेय के अवैध अतिक्रमण को किया निस्तेनाबूत

बिलासपुर । बिलासपुर-पुराना बस स्टैंड के पास जर्जर हो चुके अपने तीन भवनों को आज नगर निगम ने ढहा दिया। तीनों बिल्डिंग की हालत जर्जर हो चुकी थी, जिससे जन हानि की पूरी संभावना थी।





जर्जर भवन और जनहानि की संभवना को देखते हुए निगम कमिश्नर अमित कुमार ने अतिक्रमण विभाग और भवन शाखा को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद आज नगर निगम की टीम ने तीनों भवनों को जमींदोज कर दिया। उक्त बिल्डिंग के आस-पास अवैध रूप से कबाड़ी समेत अन्य प्रकार के व्यापार भी संचालित किया जा रहा था, जिसे कार्वाई के दौरान नगर निगम ने हटाया।

गौरतलब है कि पुराना बस स्टैंड के पास निगम की जमीन पर ही तीन अपूर्ण दुकानें थी, काफी सालों से आधे अधूरे निर्माण के बीच जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच चुकी थी। इन दुकानों के गिरने का डर था, जिससे जन हानि की संभावना थी। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने भवन शाखा को तीनों दुकानों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। भवन शाखा की रिपोर्ट के बाद निगम कमिश्नर ने इन तीनों जर्जन दुकानों को तोड़ने के निर्देश दिए जिसके बाद आज निगम की टीम ने इन अपूर्ण दुकानों ढहा दिया।

सीएसपी पूजा कुमार ने बताया कि बिलासपुर पुलिस अधीक्षक महोदय रजनेश सिंह द्वारा अवैध कारोबार करने वाले अपराधियों पर सख्त कार्यवाही कर अपराध पर नकेल कसने का आदेश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है

कुख्यात कबाड़ी छोटू पांडेय के कबाड़ दुकान पर निगम दस्ते को साथ लेकर कार्यवाही की गई है। कबाड़ के कारोबार को अवैध अतिक्रमण कर चलने वाले छोटू पांडे से अवैध कब्जा खाली करा कर अतिक्रमण हटाते हुए भवन को जमीनदोज कर दिया गया। छोटू पांडे की अवैध कबाड़ की गाड़ी को कुछ दिन पूर्व ही थाना कोतवाली द्वारा जप्त किया गया है जिसका आज दिनांक तक सुपुर्दनामा नहीं हो सका है। पुलिस ने अवैध कारोबार की जानकारी जीएसटी विभाग को भी भेजी है जिसमें संज्ञान लेते हुए जीएसटी विभाग ने जप्त कबाड़ को कर अपवंचन का मामला होना पाया है जिस पर जीएसटी विभाग पृथक से कार्यवाही कर रहा है जिसमें जीएसटी कर चोरी पाए जाने पर कारोबारी को भारी जुर्माना भी भुगतना पड़ सकता है। बिलासपुर पुलिस ने साफ कर दिया है कि किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# भाजपा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन, पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने खेली होली

## मंत्री टंकराम वर्मा के साथ जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े भी हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में राज्य के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा समेत पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े सहित कई भाजपा नेता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के प्रेरणापुंज डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं मां भारती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत किया गया। तत्पश्चात मंत्री टंकराम वर्मा के अभिनंदन एवं उपस्थित अतिथियों का अभिवादन किया गया। होली मिलन समारोह में शामिल नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नगाड़ों की थाप और सांस्कृतिक गीत, संगीत का भरपूर लुफ्त उठाया। इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी क्षेत्रवासियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को होली की बधाई दी और उनके जोश को देखकर आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बलौदाबाजार विधानसभा से 1 लाख मतों से जीत दिलाने का संकल्प दिलाया। पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कहा की होली आपसी भाईचारे व सौहाद्र का प्रतीक पर्व हैं इसे धूमधाम से मनाए। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, लखेपाल जायसवाल, नपा अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, राम पंजवानी, भाजपा नेता धनंजय साहू, डॉ. कुशल राम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेश केशरवानी,नीलम सोनी, जिला मंत्री सुनीता वर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष डोमन लाल वर्मा, संकेत शुक्ला, अनिल बघेल, खोड़श राम कश्यप, सुरेश वर्मा, कार्यालय प्रभारी राजेश वर्मा, सुलोचना यादव, रेवाराम साहू, आलोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम सोनी, मणिकांत मिश्रा, पुरुषोत्तम साहू, दिनेश साहू, शिवशंकर अग्रवाल, द्वारिका वर्मा, कपिल कश्यप, राहुल सोनी, प्रणम्य पांडे, डॉ. मयाराम पाल, वासु ठाकुर, अजय गर्ग, कौशिल्या वर्मा, शिवशंकर मिश्रा, संतोष शमा, सीमा केसरवानी, रजनी केशरवानी, सविता साहू, रीटा केशरवानी, आदित्य बाजपेई, योगेश अग्रवाल, मदन वर्मा, पोखराम विश्वकर्मा, धनीराम मार्के, बलकरन सिंह ठाकुर, राकेश ध्रुव, कमलेश साहू, प्रवीण पाण्डेय, सुनील यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारी व पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## एक नजर

### 30 मार्च को सरसीवा में होगा खाद्य लाइसेंस शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देश व जिले के अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन पर विभाग द्वारा एफएसएसएआई खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन शिविर का आयोजन 30 मार्च 2024 को होटल पिज्जा हाऊस सरसीवा मे किया जाएगा है। पंजीयन का कार्य प्रातः 11बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 वा 31,1 के तहत खाद्य विनिर्माता, रिपैकर,रीलेबरर,खाद्य परिवहन,थोक व खुदरा विक्रेता, होटल,रेस्टोरेंट,ढाबा किराना दुकान,मीट शॉप, पान ठेला, चाट वा गुपचुप ठेला,गन्ना रस,जूस सेंटर,खाद्य बर्फ, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, फल, सब्जी विक्रेता व अन्य किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबार कर्ता को खाद्य लाइसेंस, पंजीयन प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है। बिना खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर जुर्माने का प्रावधान है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। पंजीयन लाइसेंस के लिए खाद्य कारोबार कर्ता के पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड, बिजली बिल, किरायानामा या निगम की एनओसी या गुमास्ता दस्तावेज होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु वार्षिक टर्नओवर 12 लाख तक होने पर 100 पंजीयन शुल्क, 12 लाख से 20 करोड़ तक पर 2000 है, जबकि उत्पादनकर्ता हेतु क्रमशः 3000 व 5000 का शुल्क प्रति वर्ष निर्धारित है। जिला प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पंजीयन अनुज्ञप्ति शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### लोकसभा निर्वाचन में वाहन अधिग्रहण के लिए वाहन मालिकों से आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन कार्य के लिए वाहनों की व्यवस्था हेतु वाहन मालिक से आवेदन आमंत्रित है। निर्वाचन कार्य के लिए इच्छुक नागरिक अपने निजी वाहन जैसे कार, ट्रेक्टर, बड़े-छोटे मालवाहक आदि अधिग्रहित किराये पर अधिग्रहित करा सकते हैं। वाहन अधिग्रहण के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय मंडी परिसर सारंगढ़ में आवेदन जमा कर सकते हैं और अधिक जानकारी के लिए सहायक नोडल अधिकारी वाहन विरेन्द्र जोल्हे से 9303919139 पर संपर्क कर सकते हैं। अधिग्रहण के लिए वाहन और वाहन चालक के वैध दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा। निर्वाचन के बाद इन अधिग्रहित वाहनों के किराए का भुगतान किया जाएगा।

### सिंधी समाज के महाराज राजकुमार शर्मा के निधन पर ओपी ने किया शोक व्यक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



सिंधी समाज के महाराज राजकुमार शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए विधायक रायगढ़ एवं वित्त मंत्री ओपी ने कहा उनके निधन की जानकारी दु:खद है। शोक सवेदना व्यक्त करते हुए मृत आत्मा को शोकांजलि देते हुए उन्होंने कहा सिंधी समाज के लिए उनका निधन अपूरणीय क्षति है। समाज से जुड़े सभी धार्मिक कार्यों को संपन्न कराने में उनकी सराहनीय भूमिका रही है। सिंधी समाज के सुख दु:ख सहित सभी धार्मिक आयोजनों के उनकी मौजूदगी अनिवार्य रही है। जीवन पर्यंत उन्हें अपनी सरलता सहजता से लोगों को प्रभावित किया है। यह पीढ़ी उनके अनुकरणीय योगदान को कभी नहीं भुला पाएगी। वित्त मंत्री ओपी ने दु:ख की इस घड़ी में ईश्वर से मृत आत्मा को चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है साथ के परिवार जनों सहित ऊनसे जुड़े लोगों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

### शासकीय एवं निजी स्थानों से अब तक हटाए गए 5778 पोस्टर एवं बैनर

**कांकेर** । भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर, पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति से 01 हजार 161 दीवार लेखन, 01 हजार 690 पोस्टर, 01 हजार 185 बैनर और 987 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं।

## रायपुर में आयोजित मारवाड़ी युवा मंच सम्मेलन में सक्ती महिला जागृति संस्था का हुआ सम्मान




जोहार छत्तीसगढ़ - सक्ती।

सक्ती महिला जागृति शाखा को रायपुर में प्रथम कार्यकारिणी की बैठक बहुत सारे पुरस्कार मिले नेत्रदान देहदान विशेष योगदान सामाजिक कार्य में आगे रहने में और राष्ट्रीय शुल्क राशि का भी पुरस्कार मिला उसमे उपस्थित रहे दिल्ली में बन रहे युआ भवन में शक्ति शाखा ने ट्रस्टी बना जिसमे शाखा की तरफ़ से 1 लाख का दिया जिसमें शक्ति की वरिष्ठ महिलाएं शामिल हुई रीना गेवाडीन उषा अग्रवाला मीनल अग्रवाल् निधी अग्रवाल् हेमलता बंसल मीना अग्रवाल रहे उपास्थिस

## दशरमा में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



बलौदाबाजार शहर से लगे ग्राम दशरमा में स्व. साखुराम.रामायण.कोइचला एवं स्व. जयराम पैंकरा की स्मृति में 27 मार्च से 4 अप्रैल 2024 तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन कराया जा रहा है। कथा वाचक पं. ललित नारायण शर्मा गिंदोला वाले अपनी ओजस्वी वाणी से अमृतमयी कथा में कर्म और भक्ति का रसपान करा रहे है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से हरि कृपा तक आयोजित हो रही है। आयोजक एवं यजमान के रूप में गंगाराम पैंकरा प्रमिला पैंकरा एवं परिवार ने आसपास गांव के सभी श्रद्धालुओं एवं भागवत प्रेमियों से इस आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह किया है। श्रीमद भागवत महापुराण में श्रीकृष्ण के पूरे जीवन चरित्र को बताया जाता है जिसको श्रद्धालु बड़े ही श्रद्धा से श्रवण करते है और भागवत को सुनकर उनकी बातों को जीवन मे उतारने का प्रयास लोग करते हैं। कथावाचक पं ललित नारायण शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र को सुनने मात्र से लोगों के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार हो जाता है। लोग बुरे कर्मो को त्याग अच्छे कर्मों की ओर बढ़ने लगते है। भागवत महापुराण के श्रवण करने से लोग स्वर्ग की अनुभूति करने लगते है। भागवत कथा सुनने से लोगो में आपसी भाई चारा बढ़ता है। घर परिवार समृद्धि की ओर बढ़ते हैं। घर और परिवार के लोग खुशहाल होते है जीवन मे चल रही अनेक प्रकार के दुख कलह से लोगों को मुक्ति मिलती है। इसी लिए लोगो को जहां भी मौका मिले भागवत पुराण का कथा सुनने चाहिए।

## हर वर्ष कि भाती इस वर्ष भी तीन दिसवीय सूर्यवंशी पर्वत दान



जोहार छत्तीसगढ़ - रतनपुर।

तीन दिसवीय सूर्यवंशी पर्वत दान स्मृति महोत्सव आयोजन प्रारम्भ किया गया इस आयोजन में 29 मार्च शुक्रवार को प्रथम दिवस शोभा यात्रा का शुभारंभ दोपहर 12 बजे सूर्यवंशी पर्वत दान स्थल से रतनपुर नगर भ्रमण करते हुए बड़ी बाजार,भीम चौक बास स्टैंड होते हुए महामाया मंदिर कुंड से जल भरकर पर्वत दान स्थल में पहुच कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम पहले वंदना सूर्यवंशी समाज के पंच महाभुत को याद करते हुए कार्यक्रम का शूभारम्भ किया गया जिसमे गांव गांव दूर दराज रतनपुर मोहल्ले समाज छोटे बड़े सभी ने अपने कला को निखरते हुए रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भरपूर आनंद लिया गया जिसमे छेत्रीय विधायक कोटा विधान सभा अटल श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।अध्यक्षता राजेंद्र भास्कर स्वराजकला मंच संस्थापक के द्वारा अध्यक्षता कराई गई। इस कार्यक्रम में नगर एवम् समाज सभी की उपस्थिति रही।

## 7 मई को करना है मतदान गांव-गांव में ली गई शपथ

### जिले के सभी विकासखंडों में चला मतदाता जागरूकता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



निर्वाचन की प्रक्रिया में एक जिम्मेदार मतदाता की भूमिका निभाते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन में 7 मई को शत-प्रतिशत वोटिंग के लिए प्रेरित करने कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन और स्वीप के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के सभी गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां लोगों ने निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के साथ अपने परिवार और आस-पास के सभी मतदाताओं को वोटिंग के लिए शपथ ली। स्वीप कार्यक्रम के तहत गांवों में लोगों ने सामूहिक शपथ के साथ रैली भी निकाली। रंगोली बनाकर 7 मई को अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया गया। इस आयोजन में वरिष्ठ मतदाताओं, महिलाओं के साथ युवा भी शामिल हुए।



गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार रायगढ़ लोकसभा के लिए तृतीय चरण में मतदान होगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार 12 अप्रैल 2024 को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2024 है। 20 अप्रैल 2024 को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। 22 अप्रैल 2024 नाम वापसी की अंतिम तिथि है। मतदान 7 मई 2024 को होगा और 4 जून 2024 को मतगणना होगी।

## पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला ने किया कोरबा का वार्षिक निरीक्षण

*रक्षित केन्द्र में ली गई परेड की सलामी, परेड का कराया मार्च पास्ट एवं स्कॉट ड्रिल, * अधिकारी-कर्मचारियों की समस्या के निराकरण हेतु किया दरबार का आयोजन*

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा 29 मार्च 2024 को जिला कोरबा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक का पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर जिले में स्वागत किया।

उसके बाद पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात् परेड का निरीक्षण किये। परेड निरीक्षण में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा प्रत्येक अधिकारीध्कर्मचारियों के टर्नआउट का निरीक्षण एवं टोलीवार परेड कराया गया। जिसमें उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात् पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा किट परेड निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी कर्मचारियों से उन्हें प्राप्त किट सामग्रियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा रक्षित केन्द्र के समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें वाहन शाखा एवं रक्षित केन्द्र के सभी वाहनों तथा दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक सुधार हेतु निर्देश




दिये। इसके पश्चात् स्टोर शाखा का निरीक्षण किये, जिसमें सभी सामग्रियों के रख-रखाव, सही समय पर वितरण हेतु निर्देश दिये, साथ ही आर्म्स शाखा का भी निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा साफ-सफाई के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारीयों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में पुलिस महानिरीक्षक जिला पुलिस कोरबा के अधिकारी/कर्मचारियों से रूबरू हुए एवं उनकी समस्याओं के निराकरण करने हेतु कार्यवाही का आश्वासन दिये साथ ही दरबार में थाना/चौकी में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को थाना में आने वाले पीड़ितों की समस्याओं का उचित निराकरण एवं अच्छा व्यवहार करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके पश्चात् पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर उनके शाखाओं के कार्यों की जानकारी ली।

जिसमें सेवा पुस्तिका में आवश्यक प्रविष्टियों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति, लंबित पेंशन प्रकरणों, विभागीय भविष्य निधि, जिले में चल रहे निर्माण कार्यों, बजट की स्थिति, न्यायालय संबंधी प्रकरणों, निलंबित अधिकारी/कर्मचारियों तथा उनके अपील, अवकाश निराकरण आदि के संबंध में जानकारी ली तथा थाना/चौकी में पदस्थ कर्मचारियों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने तथा अनावश्यक लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान व नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रवींद्र मीणा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रतिभा मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का, एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर तथा थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।



## नाम परिवर्तन सूचना

मैं दुकालू राम साहू पिता सनराम साहू ग्राम खमाडीह पोस्ट-खजुरानी त. जांजगीर जिला चॉपा छ.ग. का निवासी है। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड बैंक पासबुक में मेरा नाम दुकालू राम साहू पिता संतराम साहू दर्ज है। एवं मेरे कुछ शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम अजय कुमार पिता सन्तराम साहू दर्ज है। यह दोनों नाप मेरे ही है, एवं दोनों नामों को एक ही माना जाए आज से समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम श्री दुकालू राम साहू पिता संतराम साहू लिखा पढ़ा कहा एवं सुना जाये।

**भवदीप**
**श्री दुकालू राम साहू पिता संतराम साहू**
**ग्राम खम्हारडीह, खजुरानी जांजगीर-चापा छ.ग.**
**495690**

# निष्टीगुड़ा में सोलह प्रहरी दो दिवसीय नाम यज्ञ में श्रद्धालुओं की लगी भीड़

## तीस हजार से अधिक लोगों ने खाया भण्डारे में प्रसादी भोग

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

धर्म नगरी के नाम से क्षेत्र में अपना प्रसिद्धी स्थापित करने वाले ब्लाक के निष्टीगुडा गांव में पिछले तीन दिन से चल रहे सोलह प्रहरी नाम यज्ञ का आज समापन हो गया।



प्रतिवर्ष की भांति आयोजित इस संकीर्तन नामयज्ञ में इस साल श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गयी वहीं इस आयोजन में आसपास और दूरदराज के लोग पहुंचे थे। 26 मार्च को कलश यात्रा के साथ सम्पन्न हुये नामयज्ञ में 27 और 28 मार्च को संकीर्तन मण्डलीयों ने कृष्ण और राम के पवित्र मंत्र को गायन और नृत्य के जरिये निरंतर गाया तो वहीं निष्टीगुडा के संत के रूप में प्रसिद्ध हेजुराम साहू और उनकी पत्नी गजमनी कर्ता थे और ओडिशा पाटखलिया हल्दी के प्रदीप दास पूजक के रूप में यज्ञ में उपस्थित रहे।

### साहू समाज का बड़ा योगदान तो करचिया के लोगों ने दिया एक दिन का भण्डारा

निष्टीगुडा के नाम यज्ञ में साहू समाज के चारगढ़ के तीन सौ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जहां देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया तो वहीं नदी पार के आसपास गांव के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोजन कक्ष में समय दिया। साहू समाज के भीष्म कुमार साहू, महेन्द्र कुमार साहू, गजेन्द्र साहू सहित गांव के युवाओं के प्रयास से सफ ल आयोजन सम्भव हो सका वहीं धर्मार्थ कार्य में योगदान देने वाले करचिया के लोगों ने मिलकर एक दिन का भण्डार अपने खर्चे से दिया तो आसपास के गांव और श्रद्धालुओं से भी करीबन छह सात लाख का सहयोग मिला।

### दस संकीर्तन दल जिन्होंने यज्ञ में नाम को टुटने ना दिया

निष्टीगुडा के नाम यज्ञ में ओडिशा छग को मिला कर कुल दस संकीर्तन दलों ने हिस्सा लिया जिसमें बलांगीर के देवगांव की ज्योत्स्नामयी दीक्षित,चंदनभाटी के सुनिता साहु, तामीमुडा की शैरेन्द्री जाल वाली दल सहित धुवलपडा, पटनागढ़,सरिया,रायगढ़,रावनगुडा ,कालाहांडी, देवभोग, कांडेकेला, मोटरापारा,परेवापाली के संकीर्तन दलों ने हिस्सा लिया।

### आयोजन समिति का सफल प्रयास एक दिन में तीस हजार लोगों को प्रसाद सेवन का लाभ

*सोलह प्रहरी नाम यज्ञ निष्टीगुडा में बीते 30 वर्षों से चल रहा है इस बार उमड़ते भीड़ को देख आयोजन समिति ने भण्डारे में प्रसादी वितरण की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की थी तीन दिन तक चलने वाले यज्ञ में प्रतिदिन 30 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही प्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं ने आयोजक समिति और गांव वालों की जमकर तारीफ की।*

# बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने महामाया में मत्था टेंक किया चुनाव प्रचार की शुरुआत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



जैसे ही लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान हुआ है सभी पार्टी के लोग अपने प्रचार अभियान में जुट गए हैं इसी कड़ी में आज बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव अपने पूरे लाव लश्कर के साथ महामाया के दरबार पहुंचे जहां पर उन्होंने मां महामाया के दर्शन कर माता से आशीर्वाद लिया और स्थानीय कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर सभी को चुनाव प्रचार के अभियान में जुट जाने के अपील की उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष को दबाने का काम कर रही है पूरे देश में विपक्षियों के ऊपर जांच एजेंसी लगाकर एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है आज से सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता घर.घर जाकर कांग्रेस सरकार की उपलब्धि और भाजपा की नाकामी को लोगों तक बताएंगे और कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे आज रतनपुर में स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा देवेंद्र सिंह का महामाया चौक में जोरदार स्वागत किया गया उसके बाद महामाया दर्शन के लिए महामाया मंदिर पहुंचे जहां पर भी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया जिसमें प्रमुख रूप से देवेन्द्र यादव के साथ कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव,विधायक रामकुमार यादव,पूर्व विधायक रश्मि सिंह,बिलासपुर महापौर रामशरण यादव,युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूई के प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय,जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी,शहर अध्यक्ष विजय पांडेय,राजेंद्र साहू,सुधांशु मिश्रा,सिबली मेराज खान सहित सभी बड़े चेहरे, बड़ी संख्या में रतनपुर स्थानीय कार्यकर्ता में ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सूर्य,सुभाष अग्रवाल,आनंद जायसवाल,मदन कहरा,शीतल जायसवाल,रवि रावत,राजा रावत,पार्षद व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरमकेला, सारंगढ़ और बिलाईगढ़ में किया गया मतदाता जागरूकता बाइक रैली का आयोजन




जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और जन जन को मतदान देने के लिए प्रेरित करने के लिए जिले के तीनो विकासखंड सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला में स्कूल शिक्षा विभाग और प्रभारी खेल अधिकारी के नेतृत्व में बाइक स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। इसमें सारंगढ़ बीईओ रेशम लाल कोशले, खेल प्रभारी अधिकारी कौशल ठेठवार, फकीरा यादव सहित अन्य शिक्षक गण उत्साह के साथ शामिल हुए। सारंगढ़ के खेलभाठा मैदान से और बिलाईगढ़ में शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय से मतदाता जागरूकता बाइक रैली की शुरुआत की गई।

# राष्ट्रवादी युवा किसान संगठन के राष्ट्रीय सचिव ने उपमुख्यमंत्री अरुण साहू के साथ मनाई होली

जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।

छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साहू ने होली पर्व पर पूरे देशवासीयों व प्रदेशवासियों को होली पर्व की बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी। साव ने राज्य के जन मानस को शांति और भाई चारे से होली मनाने की अपील की हैं।आज उनके निवास स्थान में होली पर्व के उपलक्ष्य में राष्ट्रवादी युवा किसान संगठन के राष्ट्रीय सचिव सुमित कुमार सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी,कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रवादी युवा किसान संगठन के राष्ट्रीय सचिव सुमित कुमार ने भी



देश सहित प्रदेश की जनता को होली पर्व पर बधाईयां दीं। उप मुख्यमंत्री साव के निवास स्थान में सभी पदाधिकारियों ने उल्लास के साथ एक दुसरे पर रंग गुलाल लगाकर होली खेली। इस मौके पर साव के साथ सभी ने फ ाग गीत गाए और ढोल नगाड़ों की थाप पर नाच गान किए। इस अवसर पर भाजपा बिलासपुर जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत, भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी अंकित गुप्ता, मानस यादव इत्यादि उपस्थित थे।

## एक नजर

### सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. स्निग्धा तिवारी ने बीएलओ प्रशिक्षण में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन कार्य के लिए जिले के तीनों विकासखंड सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला में अधिकारियो कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में सहायक रिटर्निंग अधिकारी और एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी ने बिलाईगढ़ के बीएलओ प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एआरओ डॉ. तिवारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे मतदाता जो पूर्णत: निशक्त है उन्हें तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान की सुविधा दी गई है। इसका पर्याप्त प्रचार और ऐसे दिव्यांग और निशक्त मतदाताओं का चिन्हांकन कर प्रपत्र प्रस्तुत करें। साथ ही एएसडी सूची की तैयारी के संबंध में मतदाता पर्ची वितरण,मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए कार्ययोजना पर एआरओ ने बीएलओ से चर्चा की। इस प्रशिक्षण में बिलाईगढ़ के तहसीलदार कमलेश कुमार सिदार उपस्थित थे।

### चण्डी मंदिर में मेले की तैयारी

**कोरबा** । बांकी मोंगरा स्थित चण्डी मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व पर मेले की तैयारी की जा रही है। इस मेले में दूर-दराज क्षेत्रों से ग्रामीण जन आते है। मेला समिति ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रदीप अग्रवाल राजीव विश्वकर्मा, पदूम यादव, चितरेस वर्मन, राकेश अग्रवाल, विनय अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि चण्डी मंदिर में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएगें। भण्डारा का भी आयोजन होगा।इस मेले में मौत का कुंआ मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहता है। मेले को सफलल बनाने के लिए व्यापारी वर्ग के अलावा भी समाज के लोगों का सहयोग मिलता है।

# खनिज विभाग की लगातार कार्यवाही जारी

## अवैध परिवहन तथा अवैध उत्खनन के मामले में लाखों की हुई वसूली

बलौदाबाजार-जोहार छत्तीसगढ़।

बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कलेक्टर कुमार लाल चौहान के निर्देशानुसार लगातार खनिज विभाग की कार्यवाही जारी है और 10 दिनों में 7 लाख रुपए से ज्यादा की वसूली अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर की गई है जिसमें खनिज उपसंचालक कुंदन कुमार बंजारे के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विगत 10 दिनों में टोटल



22 वाहन अवैध परिवहन करते हुए जप्त किए गए। जिसमें विभिन्न खनिजों के प्रकरण में लगभग 7 लाख के ऊपर की राशि वसूली की गई है, साथ ही अवैध ईंट निर्माण के प्रकरण में कार्यवाही की गई है



जिसमें अवैध उत्खनन के मामले दर्ज करते हुए लगभग 5 लाख तक की खनिज राजस्व की वसूली की गई है। इस प्रकार से विभिन्न खनिजों के प्रकरण में अवैध खनन तथा अवैध परिवहन के मामले में ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई है। खनिज उपसंचालक के अनुसार ऐसे ही कार्यवाही लगातार जारी है और जारी रहेगी।

# सुनील लेंध्रा के होली मिलन आयोजन में शामिल हुए रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



विधायक रायगढ़ एवं सूबे के वित्त मंत्री समाजसेवी यूथ आइकन सुनील लेंध्रा के निवास सेवा कुंज में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए।सेवा कुंज में सुनील लेंध्रा ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आत्मीय स्वागत करते हुए गले मिलकर होली की बधाई दी। सुनील लेंध्रा का आत्मीय स्वागत पाकर ओपी चौधरी भाव विभोर हो गए। वित्त मंत्री ओपी के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल भी आयोजन में शामिल हुए।। होली मिलन के इस आयोजन के दौरान सामाजिक संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी,पार्षद, मॉर्निंग वॉक एशोसियेसन से जुड़े पदाधिकारी सहित मीडिया से जुड़े लोगों की मौजूदगी रही। मौजूद लोगों ने लाडले वित्त मंत्री ओपी होली का रंग लगाते हुए होली की बधाई दी। चौधरी ने सभी लोगों को होली पर्व की बधाई दे उनके जीवन मे खुशियों की कामना करते हुए आयोजन की सराहना की।

# कोरबा लोकसभा में बीजेपी की राह आसान नहीं

## कोरबा लोकसभा बीजेपी के स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं को 10 वर्ष बेवजह बर्बाद होने का सता रहा डर

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा लोकसभा सीट से बीजेपी की राह आसान नहीं लग रही है क्योंकि जिस प्रकार कोरबा लोकसभा सीट से स्थानीय भाजपा नेता को टिकट न देकर पार्टी ने दुर्ग की नेत्री सरोज पांडे को कोरबा लोकसभा सीट से बीजेपी ने प्रत्याशी बनाया है

उसके बाद से ही कोरबा लोकसभा सीट से दावेदारी कर रहे तमाम स्थानीय नेताओं व उनके समर्थक व भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी मायूसी देखी गई। ऐसा लगता है जैसे कोरबा लोकसभा सीट से बीजेपी की प्रत्याशी सरोज पांडे के जीतने पर कोरबा लोकसभा सीट के स्थानीय दावेदार नेताओं व उनके समर्थक कम से कम 10 साल बेवजह समय बर्बाद करेंगे। क्योंकि भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे अगर अबकी बार 2024 में कोरबा लोकसभा से चुनाव जीतती हैं तो निश्चित तौर पर अगली बार पार्टी पुन: उन्हें कोरबा लोकसभा सीट से मौका देते हुए प्रत्याशी बनाएगी जिसके कारण बीजेपी के स्थानीय नेता जो लोकसभा सीट से दावेदारी कर रहे थे वह 10 साल के लिए चुनाव नहीं लड़ पाने की स्थिति में बेदखल जैसे हो जाएंगे, यही डर लोकसभा सीट से बीजेपी पार्टी से दावेदारी करने और बीजेपी की टिकट से चुनाव लड़ने वाले वाले बीजेपी के नेताओं को सता रहा है, हालांकि कोई भी बीजेपी के नेता व कार्यकर्ता खुलकर कुछ नहीं बोल पा रहे हैं, इनमें से कई ऐसे नेता हैं जो जीवन भर पार्टी के लिए कार्य किया अब बढ़ती उम्र के कारण एक मौके की तलाश थी उसमें भी पार्टी ने पानी फेर दिया। स्थानीय नेताओं को नजर अंदाज करना कहीं पार्टी को भारी न पड़ जाए। वही स्थानीय वोटरों में भी असमंजस की स्थिति देखी जा रही है जहां एक ओर वोटर मोदी के नाम पर वोट देने का मन बना रहा है तो वही स्थानीय प्रत्याशी न होने के कारण और हाल ही में इलेक्टोरल बॉन्ड में हुए भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद वोटरों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है वही कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने पुन: ज्योत्सना महंत को प्रत्याशी बनाया है जो स्थानीय भी है, तमाम सवालों के बीच मतदाताओं की सोंच बीजेपी और कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए स्थानीय और बाहरी के रूप में बनी हुई है अब देखना होगा की मौके की नजाकत को कौन अच्छे से भुना सकता है, हालांकि अभी नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई वोटिंग के लिए अभी बहुत समय बाकी है, और अभी कई राजनीतिक पार्टियों व निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में आएंगे इसके बाद समीकरण में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। मतदाता भी अपना बहुमूल्य वोट देकर 5 साल के लिए जिसे सांसद बनना चाह रहा है वह भी चौक चौराहा पान ठेलो बाजारों में लोगों से फीडबैक ले रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in